



देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण



Web Site: www.janjanjagran.com | झांसी और भोपाल से एक साथ प्रकाशित | झांसी, बुधवार 12 मार्च 2025 | वर्ष-13 अंक- 210 पृष्ठ- 08 मूल्य 3 रुपए



## ब्रीफ न्यूज

### लैंड फॉर जॉब स्कैम में सभी को मिली जमानत

**पटना।** लैंड फॉर जॉब केस में मंगलवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी आरोपियों को कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट ने 50 हजार के मुचलके पर बेल दी है। लालू यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव सुनवाई के दौरान कोर्ट पहुंचे थे। लैंड फॉर जॉब केस के वकील वरूण जैन ने बताया कि 1 सिक्योरिटी और 50 हजार मुचलके पर जमानत दी गई है। गवाहों से टेम्परिंग नहीं करना है। देश छोड़कर जाने से पहले कोर्ट को बताना होगा। इस कंडीशन पर बेल दी गई है।

### मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश, 3 की मौत

**मिसिसिपी।** अमेरिका के मिसिसिपी में मंगलवार को एक मेडिकल हेलिकॉप्टर क्रैश होने से उसमें सवार एक पायलट और दो मेडिकल स्टाफ की मौत हो गई। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसिसिपी मेडिकल सेंटर के प्रवक्ता ने विमान में सवार सभी लोगों की मौत की पुष्टि की है। इससे पहले यूनिवर्सिटी ने बताया था कि जिस वक्त हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ उसमें कोई मरीज नहीं था। यह प्लेन मिसिसिपी की राजधानी जैक्सन के उत्तर में मैडिसन काउंटी में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। तीनों मृतकों के परिवारों को जानकारी दे दी गई है, लेकिन गोपनीयता की वजह से उनके नाम उजागर नहीं किए हैं। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चल सका है।

### बस पलटने से 12 लोगों की मौत

**जोहान्सबग।** साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग एयरपोर्ट के पास एक बस पलटने से 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि 45 लोग घायल हो गए। लोकल अधिकारियों के मुताबिक यह बस 50 से ज्यादा लोगों को काम पर लेकर जा रही थी। अभी तक हादसे की वजह पता नहीं चल पाई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया है कि तेज रफ्तार की वजह से यह हादसा हुआ है। शहर के ट्रांसपोर्ट अधिकारी एंडिले मंगवेवु ने कहा कि इस हादसे का दुख जाहिर करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं हैं। अभी हादसे की वजह का पता नहीं चल पाया। एयरपोर्ट की ओर जाने वाली सड़क को बंद कर दिया गया है।

### कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या का दोस्त अरेस्ट

**बेंगलुरु।** डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (डीआरआई) ने बेंगलुरु से एट्रिया होटल के मालिक के पोते तरुण राजू को गिरफ्तार किया है। उन्हें कन्नड़ एक्ट्रेस रन्या राव से जुड़े गोल्ड स्मगलिंग केस में पकड़ा गया है। यह गिरफ्तारी तब हुई जब हाल ही में रन्या को 12.56 करोड़ रुपये के सोने के साथ हिरासत में लिया गया था। सूत्रों के मुताबिक, जांच में तरुण राजू की इस रैकेट में मिलीभगत सामने आई थी, जिसके बाद डीआरआई ने उन्हें अरेस्ट किया। उन्हें बेंगलुरु की स्पेशल इकोनॉमिक ऑफेंसेस कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें पांच दिन की हिरासत में भेज दिया गया।

### गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर में ढेर

**रांची।** झारखंड के कुख्यात गैंगस्टर अमन साहू को स्पेशल टास्क फोर्स ने आज एनकाउंटर में ढेर कर दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक अमन साहू ने एसटीएस जवान से इंसास राइफल छीनकर भागने की कोशिश की। इस दौरान उसने जवान पर गोली चलाई। हमले में जवान घायल हो गया। फायरिंग के बाद एसटीएफ ने जवाबी कार्रवाई करते हुए कुख्यात गैंगस्टर को ढेर कर दिया। जख्मी हवलदार का नाम राकेश कुमार है। उन्हें मेदिनीनगर के एमएमसीएच में भर्ती कराया गया है। गैंगस्टर अमन साहू फिलहाल छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जेल में था, जहां से उसे झारखंड की राजधानी रांची लाया जा रहा था।

### मुश्किलों में आप संयोजक केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के लिए मंगलवार को एक बुरी खबर आई। राउज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को अरविंद केजरीवाल और अन्य के खिलाफ सार्वजनिक संपत्ति को कथित रूप से नुकसान पहुंचाने के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया है।

# बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी: मुख्यमंत्री





### महाकुम्भ के दौरान लूट, छेड़छाड़, अपहरण, हत्या जैसी कोई घटना सामने नहीं आई

### झांसी एवं चित्रकूट धाम मण्डल लाभार्थियों को किये चैक वितरित

**झांसी।** बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने झांसी में आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा की किसानों के लिए गेहूं की समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की घोषणा की, जो अब 2400 से 2550 रुपये हो गया है। उन्होंने कहा कि अब हर मंडी में माता शबरी के नाम पर सस्ती कैंटीन की व्यवस्था होगी, जहां किसानों को चाय और भोजन मिलेगा। इसके अतिरिक्त माता अहिल्याबाई के नाम पर कामकाजी महिलाओं के लिए 07 छात्रावास बनाए जाएंगे। उन्होंने जीरो पॉवर्टी के लक्ष्य को हासिल करने के लिए वंचितों को मकान, शौचालय, जॉब कार्ड, आयुष्मान कार्ड और राशन कार्ड दिए जाएंगे। सीएम ने कहा कि यह सब वीरांगना लक्ष्मीबाई को सच्ची श्रद्धांजलि है, जिन्होंने झांसी के स्वाभिमान के लिए बलिदान दिया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ के दिव्य आयोजन के बाद पहली बार उन्हें बुंदेलखंड की धरती पर आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि भारत की सनातन परंपरा की ध्वजा वैश्विक मंच पर लहरा रही है और महाकुंभ ने इसे साबित कर दिखाया। इसके लिए मैं सभी बुंदेलखंडवासियों का अभिनंदन करता हूं। उन्होंने याद दिलाया कि यह वही उत्तर प्रदेश है, जहां कभी सूर्यास्त के बाद जीवन ठहर जाता था, बेटियां स्कूल जाने से डरती थीं, व्यापारी पलायन को मजबूर थे, किसान आत्महत्या करने को विवश थे और नौजवान रोजगार की तलाश में पलायन करते थे। लेकिन आज मा0 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन में नया भारत और नया उत्तर प्रदेश अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महाकुंभ में 25 करोड़ की आबादी वाले प्रदेश में 66 करोड़ 30 लाख से अधिक श्रद्धालु और संतों ने भाग लिया, जो अनुमान से कहीं अधिक था। उन्होंने कहा कि इस सफलता में झांसी सहित हर जनपद के श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों का योगदान सराहनीय है, जिन्होंने आतिथ्य की नई परंपरा को आगे बढ़ाया। सीएम योगी ने महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि इस दौरान लूट, छेड़छाड़, अपहरण या हत्या जैसी कोई घटना नहीं हुई, जिससे उत्तर प्रदेश और भारत का गौरव बढ़ा। उन्होंने कहा कि यह सम्मान केवल सरकार का नहीं, बल्कि आप सभी का है। ऋण वितरण। कार्यक्रम से पूर्व स्मार्ट सिटी द्वारा नव निर्मित स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल/ पैथोलॉजी सेंटर एवं 04 स्पोक कलेक्शन सेंटर का उद्घाटन किया। होली से पहले झांसी आने की अपनी इच्छा का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पीपीपी मॉडल पर बने 200 बेड के स्मार्ट हॉस्पिटल 50 बेड आईसीयू, हब एंड स्पोक मॉडल और टेलीकंसल्टेशन सुविधाओं से लैस है। स्मार्ट सिटी मिशन के तहत यह हॉस्पिटल झांसी वासियों के लिए वरदान साबित होगा। स्मार्ट सिटी हॉस्पिटल और पैथोलॉजी सेंटर में रियायती दरों पर उपचार और जांच की सुविधा उपलब्ध होगी। इसका निर्माण स्मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत कराया गया है। इसके अंतर्गत 04 स्पोक कलेक्शन सेंटर भी तैयार किए गए हैं। हेल्थ सेंटर में सभी प्रकार की जांचें की जाएंगी। जिसका लाभ बुंदेलखण्ड के प्रत्येक व्यक्ति को प्राप्त होगा।

इस अवसर पर राकेश सचान मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हतकरधा एवं वस्त्रोद्योग उत्तर प्रदेश, स्वतंत्र देव सिंह मंत्री जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण उत्तर प्रदेश, कुंवर मानवेन्द्र सिंह सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश, झांसी-ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा, मेयर बिहारी लाल आर्य, अध्यक्ष जिला पंचायत पवन गौतम, विधायक सदर रवि शर्मा, विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा, विधायक डॉ रश्मि आर्य, विधायक गरोठा जवाहर लाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी, विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल, विधान परिषद सदस्य श्रीमती रामा निरंजन समेत विशेष रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अशोक गिरी, महानगर अध्यक्ष हेमन्त परिहार सहित कई गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में के. विजयेंद्र पांडियन आयुक्त एवं निदेशक उद्योग, उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उप्र कानपुर, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, डीआईजी के के चौधरी, जिला अधिकारी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# राज्यसभा में खड़गे के ठोंकेंगे वाले बयान पर हंगामा, डिप्टी चेयरमैन ने बोलने से रोका तो कहा

### क्या-क्या ठोंकना है, हम ठीक से ठोंकेंगे

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ठोंकेंगे वाले बयान पर हंगामा हुआ। दरअसल, डिप्टी चेयरमेन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा कि ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए। इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोंकेंगे, सरकार को भी ठोंकेंगे। जब हरिवंश ने उनके बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने बोला कि हम सरकार की नीतियों को ठोंकेंगे की बात कर रहे हैं।

खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप मे स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। ऐसी भाषा अति निंदनीय है और माफी के योग्य भी नहीं है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा कि मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातें से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया है। मैं सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।

#### धर्मेंद्र प्रधान के खिलाफ डीएमके का प्रदर्शन

नेशनल एजुकेशन पॉलिसी और ट्राय-लैंग्वेज को लेकर संसद के बाहर विपक्ष के सांसदों ने प्रदर्शन किया। डीएमके सांसद कनिमोझी और अन्य सांसद काले कपड़े पहनकर तमिलनाडु पर धर्मेंद्र प्रधान की टिप्पणी का विरोध किया। उन्होंने प्रधान से माफी मांगने को कहा। डीएमके सांसद कनिमोझी ने कहा कि केंद्र सरकार तमिलनाडु को मिलने वाले पैसे को रोक रही है। कह रही है कि हमें तीन-भाषा नीति और हश्वक्कपर हस्ताक्षर करना है। वे तमिलनाडु के बच्चों का भविष्य बर्बाद कर रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु के बच्चों के लिए मिलने वाले फंड को रोकने का कोई अधिकार नहीं है।

#### इमिग्रेशन बिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है

सरकार ने इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल, 2025 संसद में पेश किया। इस पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा- यह बिल मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इस बिल में गंभीर समस्याएं हैं और इसीलिए मैंने कहा था कि या तो सरकार को इसे लेना चाहिए या इसे समिति को भेजा जाना चाहिए।

# दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के

### मेघालय का बर्नीहाट टॉप, दिल्ली सबसे पॉल्यूटेड कैपिटल; ऑस्ट्रेलिया-न्यूजीलैंड समेत 14 देश सबसे साफ

**नई दिल्ली।** दुनिया को 20 सबसे प्रदूषित शहरों में 13 भारत के हैं। मेघालय का बर्नीहाट शीर्ष पर है। वहीं, दिल्ली सबसे प्रदूषित कैपिटल की कैटेगरी में टॉप पर है। स्विस एयर क्वालिटी टेक्नॉलॉजी कंपनी आईक्यू एयर की 2024 की रिपोर्ट में ये जानकारी सामने आई है।

रिपोर्ट में भारत को दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों में पांचवां स्थान दिया गया है। 2023 में हम तीसरे स्थान पर थे यानी पहले से दो स्थान नीचे आए हैं। मतलब भारत में पहले से प्रदूषण को लेकर कुछ सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में भारत में पीएम 2.5 के स्तर में 7 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। 2024 में पीएम 2.5 का स्तर औसतन 50.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा, जबकि 2023 में यह 54.4 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर था। फिर भी, दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों में से 6 भारत में हैं। दिल्ली में लगातार प्रदूषण का लेवल हाई दर्ज किया गया। यहां पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा।

#### देश के 13 शहर सबसे प्रदूषित

भारत के जिन 13 शहरों को सबसे प्रदूषित माना गया है, उनमें पंजाब से लेकर मेघायल तक के शहर हैं। इस लिस्ट में बर्नीहाट पहले नंबर पर है तो वहीं दिल्ली दूसरे स्थान पर है। पूरी दुनिया में दिल्ली सबसे प्रदूषित राजधानी की श्रेणी में भी है। इसके अलावा पंजाब का मुल्लानपुर तीसरे स्थान पर है। चौथे पर फरीदाबाद है। फिर गाजियाबाद के लोनी, नई दिल्ली, गुरुग्राम, गंगानगर, ग्रेटर नोएडा, भिवाड़ी, मुजफ्फरनगर, हनुमानगढ़ और नोएडा का नंबर आता है। कुल मिलाकर भारत के 35 फीसदी शहर ऐसे हैं, जहां पीएम 2.5 का लेवल डब्ल्यूएचओ की ओर से तैयार लिस्ट से 10 गुना ज्यादा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की लिमिट 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की है।

#### ओशिनिया दुनिया का सबसे साफ क्षेत्र

ओशिनिया साल 2024 में दुनिया का सबसे स्वच्छ क्षेत्र रहा। इसके 57 प्रतिशत शहर डब्ल्यूएचओ के दिशानिर्देशों को पूरा करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार दक्षिण-पूर्व एशिया के हर देश में पीएम2.5 के कंसंट्रेशन में कमी आई है, हालांकि सीमा पार धुंध और अल नीनो की स्थिति अभी भी प्रमुख फैक्टर बनी हुई है। यूएन के मुताबिक, ओशिनिया में 14 देश हैं। इनमें ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, फिजी, पापुआ न्यू गिनी, नौरू, किरिबाती, माइक्रोनेशिया और मार्शल आइलैंड्स शामिल हैं।

# बलूचिस्तान में ट्रेन हाईजैक, एयर स्ट्राइक की तैयारी में पाकिस्तान

### 182 यात्री बंधक, 20 सैनिकों की हत्या

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान में बलूच लिबरेशन आर्मी ने एक ट्रेन को हाईजैक कर लिया है। 182 यात्रियों को बंधक बनाया गया है और दावा किया जा रहा है कि अब तक 20 पाकिस्तानी सैनिक मारे जा चुके हैं। साथ ही एक ड्रोन को भी मार गिराया है। ट्रेन को हाईजैक करने के बाद बीएलए ने जारी किए अपने बयान में शहबाज सरकार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि अगर पाक आर्मी उनके खिलाफ एक्शन लेती है तो वह सभी बंधकों को मार देंगे।

बीएलए ने चेतावनी जारी करते हुए कहा कि यदि एयर स्ट्राइक तुरंत नहीं रुकी तो सभी बंधकों को मार दिया जाएगा। हालांकि, इस घटना पर पाक सेना-पुलिस की ओर से अभी तक कोई टिप्पणी नहीं आई है। जानकारी के अनुसार, बीएलए का मुकाबला करने के लिए पाक सेना एयर स्ट्राइक की तैयारी कर रही है और एयर एसेट तैनात किए गए हैं।

#### पहाड़ी इलाके का फायदा उठाकर किया अटैक

बलोच लिबरेशन आर्मी ने बोलान के माशकाफ में गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया है। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलोच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ। इस ट्रेन में सुरक्षाबलों, पुलिस और आईएसआई के एजेंट्स सफर कर रहे थे। सभी पंजाब जा रहे थे। इन्होंने बीएलए के हमले का जवाब दिया। लेकिन बीएलए ने ट्रेन पर कब्जा कर लिया। इस दौरान 11 सुरक्षाकर्मी मारे गए।

# ट्रंप-मस्क की जोड़ी न अमेरिका और न ही विश्व को आ रही पसंद

### अमेरिका की इकोनॉमी में आई मंदी, शेयर बाजार में हाहाकार

**वाशिंगटन।** अमेरिका विश्वशक्ति है, एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर उद्योगपति हैं। डोनाल्ड ट्रंप को राष्ट्रपति बनाने में मस्क का बड़ा योगदान है। अब ट्रंप-मस्क की जोड़ी अमेरिका पर शासन कर रही है। लेकिन यह जोड़ी न तो अमेरिका और न ही विश्व को पसंद आ रही है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि अमेरिका की इकोनॉमी में मंदी आ गई है, वहीं शेयर बाजार में भी हाहाकार मचा हुआ है।

दरअसल, अमेरिकी इकोनॉमी से जुड़े फैसलों में भी मस्क की मौजदूगी दिखने लगी। ट्रंप भी मस्क के हां में हां मिलाने लगे। इस बीच ट्रंप ने टैरिफ को लेकर मोर्चा खोल दिया। अमेरिका फर्स्ट का नारा तो ठीक था। लेकिन दूसरे देशों पर दबाव डालकर अमेरिका फर्स्ट का सपना अब सच होता नहीं दिख रहा है। ट्रंप के टैरिफ अटैक से दूसरे देशों की इकोनॉमी पर बाद में असर होगा, लेकिन उससे पहले अब खुद अमेरिका पर उसका असर दिखने लगा है। क्योंकि चीन-कनाडा ने तो ट्रंप के टैरिफ का तगड़ा जवाब दिया है। दरअसल, पिछले कुछ दिनों से अमेरिका पर ही ट्रंप का दांव उल्टा पड़ता नजर आ रहा है। अमेरिका की इकोनॉमी में मंदी की आहट सुनाई देने लगी है। मंदी के डर से सोमवार को अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट देखने को मिली। कुछ लोग तो कह रहे हैं कि जिस तरह से ट्रंप ने ग्लोबल टैरिफ वॉर छेड़ा, उसका सबसे ज्यादा असर अब अमेरिका पर ही दिख रहा है, और उसी कड़ी में मंदी और अमेरिकी शेयर बाजार में भूचाल में दिख रहा है।

#### बैकफुट पर आए ट्रंप

अब जब अमेरिका को लगने लगा कि टैरिफ वॉर से उसी को सबसे ज्यादा नुकसान होने वाला है तो फिर ट्रंप प्रशासन समझौते के मूड में नजर आ रहा है। कनाडा और मेक्सिको पर लगा टैरिफ को फिलहाल टाल दिया गया है, जबकि भारत के साथ खुद ट्रंप डील की बात कह रहे हैं। लेकिन राष्ट्रपति चुनाव में जिस तरह से एलन मस्क और ट्रंप की जोड़ी देखने को मिली थी, अब एलन मस्क को ही आर्थिक तौर सबसे ज्यादा नुकसान हो रहा है।

#### 24 घंटे में 2.5 लाख करोड़ घटी नेटवर्थ

टेस्ला का शेयर क्रैश होने का असर एलन मस्क की नेटवर्थ पर भी देखने को मिला है। बीते 24 घंटे में ही एलन मस्क नेटवर्थ में 29 अरब डॉलर (करीब 2.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) की कमी आई है, और ये घटकर 301 अरब डॉलर रह गई है। इस साल अब तक मस्क की संपत्ति में 132 अरब डॉलर की गिरावट आ चुकी है। खास बात ये है जितनी रकम एलन मस्क ने करीब 2 महीने में गंवाई है, वो आंकड़ा दुनिया के टॉप अरबपतियों की लिस्ट में शामिल कई अरबपतियों की कुल संपत्ति से भी ज्यादा है।

# एयरटेल और स्पेसएक्स की हुई साझेदारी

### भारत में जल्द लॉन्च होगा सैटेलाइट इंटरनेट

**नई दिल्ली।** एयरटेल ने एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत स्टारलिंक सैटेलाइट इंटरनेट को भारत में लाने की योजना है, हालांकि यह डील तभी लागू होगी जब स्पेसएक्स को भारतीय सरकार से स्टारलिंक सेवाएं बेचने की अनुमति मिलेगी।
एयरटेल और स्पेसएक्स की साझेदारी के मुख्य बिंदुओं के अनुसार एयरटेल, अपने स्टोर्स में स्टारलिंक उपकरण बेच सकता है और इसे बिजनेस ग्राहकों को ऑफर कर सकता है। यह साझेदारी ग्रामीण स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और दूरदराज के इलाकों में इंटरनेट सेवा पहुंचाने का काम करेगी। स्टारलिंक, एयरटेल के नेटवर्क को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है, और स्पेसएक्स, भारत में एयरटेल के बुनियादी ढांचे का उपयोग कर सकता है।

#### एयरटेल पहले से ही सैटेलाइट इंटरनेट दे रहा

एयरटेल पहले से ही यूटेलसैट वनवेब के साथ मिलकर सैटेलाइट इंटरनेट सेवाएं प्रदान कर रहा है। स्टारलिंक के जुड़ने से दूरदराज के क्षेत्रों में इंटरनेट कवरेज बढ़ेगा और बिजनेस व ग्रामीण समुदायों को तेज गति वाली कनेक्टिविटी के अधिक विकल्प मिलेंगे। भारती एयरटेल के प्रबंध निदेशक और उपाध्यक्ष गोपाल विट्ठल ने कहा कि स्पेसएक्स के साथ मिलकर भारत में एयरटेल ग्राहकों के लिए स्टारलिंक सेवाएं प्रदान करना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एयरटेल की अगली पीढ़ी की सैटेलाइट कनेक्टिविटी के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

### पान मसाला कंपनी पर आयकर की दबिश

**भोपाल।** भोपाल में आयकर विभाग ने पान मसाला कंपनी पर इनकम टैक्स चोरी के मामले में सर्वे शुरू किया है। गोविंदपुरा इलाके में यह फैक्ट्री है। जिसमें राजश्री गुटखा और अन्य पान मसाले तैयार करने का काम किया जाता है। बिलों में गड़बड़ी कर कंपनी आय छिपा रही थी। जिसके लिए आयकर विभाग की टीम सर्वे करने पहुंची है।

# अमृत पेयजल योजना के शेष कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करायें: मुख्यमंत्री

### झांसी मण्डल के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

### किसानों को औषधीय फसलों के उत्पादन हेतु करें प्रेरित

### ट्रैफिक सुगमता हेतु स्ट्रीट वैण्डर्स को जगह की जाए आवंटित

**झांसी।** मुख्यमंत्री, उ0प्र0 योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस अवसर पर जनपद ललितपुर एवं जालौन के जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि झांसी मण्डल में शासन द्वारा लक्षित विकास कार्यों को गति लाते हुये शीध्रता के साथ पूर्ण करें, जिससे जनसामान्य को सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होने निर्देश दिये कि विभागीय अधिकारी झांसी मण्डल क्षेत्र में किसानों को अपने खेतों में स्थानीय जलवायु के अनुरुप औषधीय फसलों के उत्पादन हेतु प्रेरित करें, जिससे सरकार की मंशानुरुप अन्नदाताओं को औषधीय फसलों की बिक्री पर अधिक से अधिक आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। निर्देश दिये कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी झांसी मण्डल के तीनों जनपदों में आयोजित होने वाले जन आरोग्य मेलों में संक्रमित बीमारियों के लक्षण एवं रोकथाम हेतु मेले में आने वाले लोगों को जागरुक करें। अधिकारियों को निर्देश दिये कि तहसील समाधान दिवस एवं आईजीआरएस पोर्टल पर



प्राप्त होने वाली राजस्व वादों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ निस्तारित किया जाये। उन्होने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में ग्राम सचिवालयों को जन उपयोगी आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण किया जाये।

उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को चेतावनी देते हुये कहा कि झांसी मण्डल के तीनों जनपदों में रोस्टर के अनुरुप निर्बांध रुप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये, इसके साथ ही शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में क्षतिग्रस्त विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर एवं जर्जर तारों की शिकायतों पर गम्भीरता से संज्ञान लेते हुये निस्तारित किया जाये, जिससे आगामी ग्रीष्मकालीन समय में लोगों को गर्मी की समस्या से राहत प्राप्त हो सके।

विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिये मा0 मुख्यमंत्री जी ने अपने निर्देशन में कहा कि जनपद झांसी में जनसामान्य की सुविधानुसार इन्टीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाये, जिससे जनपदवासियों को सामूहिक आयोजन हेतु सुविधा स्थल प्राप्त हो सके। बुन्देलखण्ड में पेयजल आपूर्ति में वृद्धि लाने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि झांसी मण्डल के तीनों जनपदों में लक्षित पेयजल परियोजनाओं का निर्माण कार्य शीध्रता के साथ पूर्ण कर आमजन को शत-प्रतिशत शुद्ध पेयजल की आपूर्ति पूर्ण की जाये। इसके साथ ही शहरी क्षेत्र में लक्षित अमृत परियोजनाओं के शेष कार्यो को 31 मार्च तक शीध्रता के साथ गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करायें।

झांसी मण्डल क्षेत्र के तीनों जनपदों में लक्षित परियोजनाओं के तहत कराये गये निर्माण कार्यों के अभिनव प्रयोगों एवं पूर्ण परियोजनाओं की गुणवत्ता पर तीनों जनपदों के जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहा गया। झांसी शहर में ट्रैफिक सुगमता हेतु स्ट्रीट वैण्डर्स को जगह आवंटित किये जाने के निर्देश दिये। उन्होने यह भी निर्देश दिये कि स?कों पर पार्किंग न हो और टैक्सी स्टैण्ड संचालन हेतु स्थल चयनित किये जाये, जिससे जनसामान्य के आवागमन में सुगमता रहे।

समीक्षा के दौरान मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हथकरधा एवं वस्त्रोद्योग उत्तर प्रदेश राकेश सचान, मंत्री जल शक्ति एवं बा? नियंत्रण उत्तर प्रदेश स्वतंत्र देव सिंह, मेयर बिहारी लाल आर्य, अध्यक्ष जिला पंचायत पवन गौतम, विधायक सदर श्री रवि शर्मा, विधायक बबीना श्री राजीव सिंह पारीछा, विधायक डॉ रश्मि आर्य, विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी, विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल, विधान परिषद सदस्य श्रीमती रमा निरंजन, अध्यक्ष गौ-सेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता, क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अशोक गिरी, महानगर अध्यक्ष हेमन्त परिहार सहित पुलिस महानिरीक्षक आलोक सिंह, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, डीआईजी केशव कुमार चैधरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी अमृत त्रिपाठी, जिलाधिकारी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह, नगर आयुक्त सत्यप्रकाश, उपाध्यक्ष झांसी विकास प्राधिकरण आलोक यादव, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## » न्यूज कैप्सूल »

### घरेलू कलह से तंग आकर युवक ने लगा ली फांसी

**झांसी।** बिजौली में रहने वाले एक मजदूर ने घरेलू कलह से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। तीन पहले वह अपनी पत्नी को घर छोड़ आया था। पुलिस को घटनास्थल पर शराब के खाली पाउच मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पूंछ थाना क्षेत्र के ग्राम सेरसा निवासी पारस यादव, प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बिजौली में रिलायंस पंप के सामने रहने वाले कंचन विश्वकर्मा के मकान में किराए से रहता था। यहां रहकर वह मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। तीन दिन पहले पारस यादव अपनी पत्नी व दो बच्चों को घर छोड़कर आया था। बताते हैं कि सुबह देर तक पारस ने जब दरवाजा नहीं खुला तो मकान मालिक आदि ने आवाज दी मगर कोई जबाब नहीं आया। लोगों ने जब अंदर झांककर देखा तो युवक फांसी पर लटका हुआ था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर खाली शराब के पाउच पड़े मिले हैं। पुलिस का मानना है कि शराब के नशे में धुत होकर युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### रिटायर्ड दरोगा के घर में लगी आग, गृहस्थी का सामान जलकर राख

**झांसी।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले रिटायर्ड दरोगा के घर में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ओर फायर बिग्रेड ने आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी की घटना में गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

प्रेमनगर थाना क्षेत्र के दीनदयाल नगर में रहने वाले रिटायर्ड दरोगा अच्छे लाल के मकान में ऊपरी मंजिल पर बने स्टोर रुम में दोपहर अचानक आग लग गई। आग लगते देख वहां हड़कंप मच गया। आनन फानन में घटना की सूचना पुलिस ओर फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंची फायर बिग्रेड ओर पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। इस आगजनी की घटना में गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने बताया कि किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है।

### कई लोगों ने एनसीआरईएस छोड़ एनसीआरएमयू का थामा दामन

**झांसी।** नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे मैंस यूनियन के झांसी मण्डल कार्यालय में सिग्नल × टेलिकॉम विभाग एवम् वाणिज्य, डीजल शेड से एनसीआरईएस को छोड़कर कई युवा साथियों के साथ एनसीआरएमयू की कार्यशेली से प्रभावित होकर मेंस यूनियन में अपनी आस्था व्यक्त की और मण्डल सचिव अमर सिंह यादव की उपस्थिति में एनसीआरएमयू की सदस्यता ग्रहण की। मण्डल सचिव अमर सिंह यादव ने सुनील पुरोहित (सिग्नल × टेलिकॉम), हरिमोहन शर्मा(वाणिज्य), मुन्ना सिंह यादव(वाणिज्य), किशन (डीजल शेड) को माला पहनाकर स्वागत किया।

इस सभा में भावेश प्रसाद सिंह, मनोज जाट, सुनील पाल, निर्मल सिंह संधू, तेज सिंह मीना, राजेश नामदेव, अनिरुद्ध यादव, बी के उपाध्याय, आई लिन लाल, आदित्य तिवारी, जय सिंह यादव, दीपक शिंदे, संजीव द्विवेदी, राजेंद्र यादव, मुकेश यादव, बृजमोहन सिंह, संजीवन राय, जितेन्द्र खरे, राज कुमार, प्रवेश सिंह, शैलेन्द्र यादव, आनंद प्रजापति, कालू राम, सर्वेश कुमार आदि उपस्थित रहे। संचालन शाखा सचिव संजीव द्विवेदी ने किया।

# प्रेम- विवाह से दुश्मन बने घर वाले

### पंचायत में प्रेमी जोड़े की लगाई पिटाई, डीआईजी से मांगी सुरक्षा

**झांसी।** प्रेम विवाह करने पर एक युवक को भारी कीमत चुकानी पड़ी। घरवालों की मर्जी के बिना शादी करने पर लड़की के परिवार ने युवक और उसकी पत्नी को पंचायत के सामने ही पिटाई कर दी। घटना का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस से शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिससे परेशान होकर प्रेमी जोड़ा अपने परिजनों के साथ डीआईजी के पास पहुंचा। यहां उन्होंने सुरक्षा की गुहार लगाई।

यह मामला बरुआसागर थाना क्षेत्र के ग्राम टुकनपुरा का है। यहां की रहने वाली पूनम कुशवाहा का प्रेम-प्रसंग काफी समय से रामकुमार के साथ चल रहा था। दोनों ने एक-दूसरे के साथ जीने-मरने की कसमें खाईं और शादी करने का फैसला किया। लेकिन पूनम के परिवारवाले इस रिश्ते के खिलाफ थे। जब घरवालों ने शादी से इनकार कर दिया तो पूनम और रामकुमार ने कोर्ट मैरिज कर ली।

#### पंचायत में सजा सुनाई, जमकर पीटा

शादी के बाद लड़की के परिजनों ने प्रेमी जोड़े को बरुआसागर बुलाया और वहां एक पंचायत बुलाई गई। लेकिन पंचायत कोई हल निकालती, उससे पहले ही लड़की के परिवारवालों ने दोनों की बेरहमी से पिटाई कर दी। पंचायत में मौजूद लोग तमाशा देखते रहे, लेकिन किसी ने भी प्रेमी जोड़े को बचाने की कोशिश नहीं की।

#### पुलिस ने नहीं सुनी फरियाद, डीआईजी से मांगी सुरक्षा

इस घटना के बाद पीड़ित प्रेमी जोड़े ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जब स्थिति ज्यादा गंभीर हो गई तो दोनों अपने परिजनों के साथ डीआईजी कार्यालय पहुंचे और अपनी सुरक्षा की मांग की।

#### हम दोनों ने अपनी मर्जी से शादी की: पूनम

पूनम कुशवाहा ने कहा, 卐हम दोनों ने अपनी मर्जी से शादी की है, लेकिन मेरे घरवाले इसे स्वीकार नहीं कर रहे। पंचायत में उसके पति को बुरी तरह मारा गया, मुझे भी नहीं छोड़ा। अब हमें अपनी जान का खतरा है। पुलिस ने भी कोई मदद नहीं की, इसलिए हम डीआईजी साहब के पास आए हैं। हमें बस न्याय चाहिए और सुरक्षा चाहिए। यह मामला समाज में अब भी मौजूद पुरानी सोच को दर्शाता है, जहां प्रेम-विवाह को सम्मान नहीं मिलता और युवाओं को अपनी पसंद से शादी करने के लिए हिंसा का शिकार होना पड़ता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले में क्या कदम उठाता है और क्या प्रेमी जोड़े को न्याय मिल पाएगा।

# गहोई गौरव की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन

**झांसी।** गहोई गौरव की एक बैठक जुगल किशोर सेठ की अध्यक्षता में रामनाथ गेडा हाल मनु बिहार से हुई जिसमें सर्वसम्मति से सुशील गुप्ता को अध्यक्ष गोपाल मर को महामंत्री एवं अमर नगरिया को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई स वहीं महिला विंग अध्यक्षा रेनू नगरिया एवं सचिव अंजलि सिजरिया को बनाया गया है स संस्थापक अध्यक्ष मनमोहन गेडा ने कहा कि गहोई गौरव संस्था एक सामाजिक संगठन है जो गहोई समाज के अतिरिक्त अन्य समाज के लिए भी कार्य करती है गहोई गौरव की स्थापना 13 वर्ष पूर्व एक छोटे से रूप में हुई थी आज पूरे बुंदेलखंड में संस्था ने परचम लहरा दिया है समाज सेवा के अतिरिक्त गहोई गौरव स्थाई परियोजना का निर्माण भी विगत 13 वर्षों से करता आ रहा है गहोई गौरव ने समाज सेवा में भी अपनी अग्रणी



भूमिका का निर्वहन किया संस्था के अध्यक्ष पद पर सुशील गुप्ता क्रेशर , महामंत्री गोपाल मर, तथा कोषाध्यक्ष अमर नगरिया को नवीन सत्र 2025 26 के पद पर आसीन होने पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की इंजी सतीश सेठ ने कहा कि संस्था सुशील गुप्ता के नेतृत्व में अच्छे कार्य करेगी एवं गोपाल मर तथा अमर नगरिया के सहयोग से संस्था अग्रणी भूमिका में रहेगी स बैठक में रामकुमार लोहिया, राजीव नगरिया, रामजी खरया, रवींद्र रूसिया, राजेंद्र पटवारी, केडी गुप्ता, कृष्ण मुरारी गुप्ता, कमलेश सेठ रज्जू, अमित सेठ सर जी, संजय गुप्ता क्रशर, देवेंद्र गुप्ता क्रेशर, सुनील बिलैया बब्बल, राम कुमार गुप्ता, नितिन सरावगी, आकाश नीखरा, राजेश खाँगट, शैलेंद्र डेंगरे, संजीव पहारिया, अभिषेक डेंगरे, जितेंद्र बिलैया, प्रदीप गुप्ता रानीपुर सत्यव्रत सरावगी, आशीष बिलैया, राम प्रकाश हथनौरिया आदि उपस्थित रहे बैठक का संचालन राम कुमार लोहिया जी ने किया एवं आभार राजेश गुप्ता एडवोकेट ने व्यक्त किया।

# बहुजन समाज के लोगों की हत्याओं का खुलासा करने की समाजवादी पार्टी ने की मांग



**उरई।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपराज गुर्जर के नेतृत्व में मंगलवार को समाजवादी पार्टी की सैकड़ों कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला अधिकारी राजेश पांडे को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा को सौंपते हुए जिले में बहुजन समाज के लोगों की हुई हत्याओं व लापता घटनाओं का खुलासा करने की मांग की। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष ने कहा कि विगत दिनों जनपद में बहुजन समाज कई के लोगों की हत्याएं हुई है और कुछ लोग लापता हुए हैं। लेकिन अभी तक इन घटनाओं का पुलिस ने कोई खुलासा नहीं किया है। उन्होंने कहा कि उरई के मोहल्ला शांति नगर निवासी जीतू पुत्र श्याम करण जो कि हमीरपुर जनपद में अध्यापक थे उनकी हत्या हुई है। जितेंद्र दोहरे पुत्र गया प्रसाद दोहरे निवासी राजेंद्र नगर जो आगरा जनपद में सब इंस्पेक्टर के पद पर थे उनका शव यमुना किनारे कालपी में मिला। विद्या राम दोहरे पूर्व अध्यापक निवासी सिलऊवा माधौगढ़ की हत्या हुई है। वहीं धर्मेंद्र पुत्र राजाराम निवासी हरचंदपुर थाना कदौरा 4 मार्च से और खुशी पुत्री नरेंद्र सिंह निवासी बघौरा उरई 7 मार्च से लापता है। लेकिन आज तक इन घटनाओं का खुलासा नहीं हुआ है। जिससे आम जनमानस में असुरक्षा का भाव पैदा हो रहा है। समाजवादी पार्टी नेताओं ने जिला अधिकारी से मांग की है एक उच्चाधिकारियों की टीम गठित कर जनपद हुई इन घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाए ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। इस मौके पर जिला महासचिव जमालुद्दीन, रामलाल विश्वकर्मा, बीरेंद्र सिंह यादव, जीवन प्रताप बाल्मीकि, विनोद श्रीवास, रामेंद्र त्रिपाठी, अजय गौतम योगा, संतोष कोरी, रामानंद कुशवाहा, मैयादीन पांचाल, शैलेंद्र श्रीवास, नेतराम निरंजन, बृजमोहन अहिरवार, विमलेश यादव सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वृहद स्वरूप कार्यक्रम का फीता काटकर हुआ शुभारम्भ




**उरई।** प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग लखनऊ के निर्देशानुसार प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के वृहद स्वरूप का शुभारम्भ जालौन के राजकीय इंटर कॉलेज बंगरा में जनप्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष संदीप भदौरिया, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित एवं जिला समन्वयक डॉ. नूपुर कश्यप द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। इसके बाद मुख्यथितियों ने मॉ सरस्वती जी की छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि भदौरिया ने सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को तकनीकी ज्ञान होना चाहिए तथा उस के ज्ञान के अनुसार उसे जीवकोपार्जन हेतु व्यवसाय अथवा नौकरी प्राप्त होगी। इसीक्रम में जिला समन्वयक, प्रधानाचार्य डॉ. नूपुर कश्यप द्वारा प्रतिभागियों को प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करायी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि कौशल सफलता की सीढी है, जो किसी को भी नयी ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिये सशक्त बनाता है।

अन्त में गोविन्द वर्मा प्रधानाचार्य राजकीय इण्टर कॉलेज बंगरा द्वारा समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों का आभार ज्ञापित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से कौशल विकास मिशन से एमआईएस मैनेजर कपिल नामदेव, भारत कुमार शर्मा तौफीक अहमद, उमेश सिंह राजावत व प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधि एवं विद्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बेरी के पेड़ के विवाद में पूर्व सैनिक व परिजनों के साथ की मारपीट

**उरई।** रामपुरा थाना क्षेत्र के नगर पंचायत उमरी में भूतपूर्व सैनिक व उसके परिजनों के साथ पड़ोसियो ने मारपीट कर दी। पीड़ित परिवार ने थाने पहुंचकर मामले की तहरीर पुलिस को दी।

रामपुरा के कस्बा उमरी निवासी पूर्व सैनिक ललित कुमार पुत्र कदूर राम ने थाने में तहरीर दी। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि मंगलवार की सुबह वह अपने घर पर था। तभी पड़ोसी रामजी, कृष्णा देवी व उसके मायके पक्ष के भाई के अलावा 6 अन्य लोग निवासी कुवरपूरा तहसील कोंच ने मुझे व मेरी पत्नी ममता देवी भतीजी शिवानी कुमारी व पारिवारिक सदस्यों के साथ शराब के नशे में कुल्हाड़ी व लाठियों से मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित पूर्व सैनिक ने बताया कि वह कुछ दिनों से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित चल रहा हैं।जिसका इलाज ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में चल रहा हैं। खेत पर खड़े बेरी के पेड़ के विवाद के चलते आरोपी महिला ने अपने मायके से भाइयो को बुलाकर घटना को अंजाम दिया हैं। मामले में थाना प्रभारी संजीव कटियार ने बताया घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया है। बल्कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही हैं।

### खेत पर गए किसान की संदिग्ध हालत में मौत

**उरई।** चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नादई में खेत पर गए किसान की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। जिससे रंगों से भरा होली का पर्व मातम में तब्दील हो गया। चुर्खी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नादई निवासी किसान धर्मेंद्र मंगलवार की सुबह अपने खेतों पर गया था। जहां पर अचानक वह गस्त खाकर गिर गया। इस दौरान आसपास खेतों में काम कर रहे किसानो में हड़कंप मच गया और वह मौके पर पहुंच गए।उन्होंने मामले की खबर उसके परिजनों को दी। खबर मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए। परिजन उसे मौजूद लोगों की मदद से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां उपचार के दौरान किसान ने दमतोड़ दिया। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और पूछताछ शुरू कर दी।

» न्यूज कैप्सूल »

## युवक को बिच्छू ने डंक मारा

**मऊरानीपुर।** बिच्छू द्वारा डंक मार देने से एक युवक की हालत बिगड़ गई जानकारी के अनुसार सचिन पुत्र प्रीतम निवासी ग्राम खकौरा को गंभीर अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बिच्छू द्वारा डंक मार देने से हालत बिगड़ गई।

## दुर्घटना में पांच घायल

**मऊरानीपुर।** बाइक दुर्घटना में पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जानकारी के अनुसार रामरतन पुत्र नाथूराम निवासी गरौठा चौराहा अंकित पुत्र सुंदर निवासी ग्राम मऊ देहात आदर्श पुत्र बृजेंद्र निवासी ग्राम रेवन मेघा पुत्री अच्छे लाल निवासी ग्राम भदरवारा मानवेंद्र पुत्र लक्ष्मी प्रसाद निवासी ग्राम झांकरी को गंभीर रूप से घायल अवस्था में समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया बताया गया कि बाईक दुर्घटना में घायल हो गए प्राथमिक उपचार के बाद मानवेंद्र अंकित की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज भेज दिया।

## तमंचा रखने पर तीन अभियुक्तों को सजा

**झांसी।** न्यायालय एसीजेएम गरौठा ने तमंचा रखने के आरोप में अभियुक्तों को जेल में बिताई गई अवधि व अर्थदंड से दंडित किया है। एसीजेएम गरौठा ने एरच थाना क्षेत्र के ग्राम इस्किल निवासी शेर सिंह, एरच थाना क्षेत्र के ग्राम हरदुआ निवासी संजय कुमार को तमंचा रखने के आरोप में दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि व एक - एक हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं, जेएम मोंठ ने दतिया के भांडेर स्थित टीवी टॉवर के पास रहने वाले राजू बरार को तमंचा रखने के आरोप में दोषी मानते हुए जेल में बिताई गई अवधि व एक हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

## मंदिर व विद्यालय के पास चल रही देसी शराब की दुकान

**मऊरानीपुर।** परमट चौराहे पर स्थित मोहल्ला कटरा के रास्ते में खुली सरकारी देसी शराब की दुकान हटाने की मांग मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी से की जानकारी के अनुसार कमलेश सोनकर कालका प्रसाद धीरेंद्र अरुण परेशानियां रामदयाल रामचरण सहित आदि ने हस्ताक्षर युक्त प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी को भेज कर बताया कि मोहल्ला कटरा में मंदिर एवं विद्यालय होने के बाद भी सरकारी देसी शराब की दुकान चलाई जा रही है जिसको हटाने के लिए कई शिकायतें स्थानीय प्रशासन से की लेकिन अभी तक उक्त शराब की दुकान नहीं हटाई गई पत्र में मोहल्ला वासियों ने जिलाधिकारी से शराब की दुकान शीघ्र हटाए जाने की मांग की है।

## जहरीले पदार्थ खाने से वृद्ध की मौत

**मऊरानीपुर।** ग्राम घाट कोटरा में जहरीले पदार्थ खाने से एक वृद्ध की मौत हो गई जानकारी के अनुसार ग्राम घाट कोटरा निवासी अनिल ने बताया कि उसके पिता दिनेश बीमारी के चलते डिप्रेशन में रहते थे मैं खजुराहो अपनी बहन के यहां थी और बड़े भाई अरुण अहमदाबाद में काम करता है और बड़े भाई की पत्नी होली के त्यौहार के चलते अपने मायके गई थी घर में उसकी मां सुनीता थी उसके पिता ब्लड प्रेशर सहित आदि बीमारियों से ग्रस्ति थे दोपहर में पिता ने मां को किराना की दुकान पर भेज क`नमकीन लाने को कहा था इसी दौरान उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया जब मां वापस लौटकर आए तो देखा कि वह अचित अवस्था में पड़े थे तो मां ने पड़ोसियों को बुलाकर उन्होंने उपचार के लिए समुदाय स्वास्थ्य केंद्र पर लाया जहां पर उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया।

## मारपीट करने का मामला दर्ज

मऊरानीपुर। दो लोगों द्वारा एक व्यक्ति के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला पुलिस ने दर्ज कर लिया जानकारी के अनुसार गांधीगंज मऊरानीपुर निवासी सूरज ने कोतवाली में दर्ज करें रिपोर्ट में बताया कि 8 मार्च को दिन के 3ः00 बजे पुरानी बैलाई मऊरानीपुर निवासी अरुण आर्य व नदीम ने हमारे मामा सुखदेव को गाली गलौज करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी थी पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

# सीएम से ऋण का प्रमाण पाकर उत्साहित दिखे लाभार्थी

### योजना की मदद से उद्यमिता की राह पर आगे बढ़ने को तैयार हैं लाभार्थी

### सीएम योगी की योजना युवाओं के सपनों को साकार करने में होगी मददगार






**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को झांसी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत झांसी एवं चित्रकूट मंडल के लाभार्थियों के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान 1070 लाभार्थियों को योजना के अंतर्गत ऋण का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। झांसी, ललितपुर, जालौन, बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट और महोबा के लाभार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और काफी उत्साहित दिखे।

लाभार्थी युवा बलवीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो योजना चलाई है, इससे उन्हें काफी सहायता मिलेगी और वे अपने रोजगार को आगे ले जाने का प्रयास करेंगे। कोशिश है कि मेरे उद्यम के माध्यम से 20 से 30 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो सके। रिया सोनी ने कहा कि उन्हें ब्यूटी पार्लर शुरू करना है और इसके लिए उन्हें ऋण की जरूरत थी। अब इस योजना से मदद मिल गई है, जिससे अपने काम को आग बढ़ा सकेंगे।

आशाराम अहिरवार ने कहा कि टेंट हाउस का काम करते हैं और अपने काम को बढ़ाने के लिए इस योजना के माध्यम से ऋण लिया है। रचना विश्वकर्मा ने कहा कि फर्नीचर की दुकान शुरू करना चाहते हैं। इस ऋण से उपकरण खरीदने में मदद मिलेगी।

आशीष कुमार ने कहा कि वे चाय की दुकान चलाते हैं। इस मदद से अब अपने दुकान को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सर्वेश ने कहा कि मुख्यमंत्री से ऋण का प्रमाण पत्र प्राप्त कर अच्छा लग रहा है। अब काम को आगे बढ़ाने में काफी सहायता मिलेगी।

### इन लाभार्थियों को मिला ऋण का प्रमाणपत्र

झांसी से स्नेहा राय को पांच लाख, राहुल तिवारी को चार लाख 95 हजार, अभिषेक तिवारी को पांच लाख, विशाल बागवानी को तीन लाख, जालौन से रचना विश्वकर्मा को पांच लाख, आशीष कुमार को तीन लाख, ललितपुर से आशाराम को चार लाख, बलवीर को पांच लाख, रिया को दो लाख, बांदा से रितिका को चार लाख, अमित कुमार कुशवाहा को पांच लाख, सर्वेश कुमार को चार लाख, चित्रकूट से पूजा को दो लाख, बलराम को पांच लाख, पंकज कुमार को पांच लाख, महोबा से राहुल तिवारी को पांच लाख, राम अवतार को चार लाख, हमीरपुर से जयहिन्द को पांच लाख, बाबूराम को तीन लाख और उपेंद्र कुमार को पांच लाख रुपयों के ऋण का प्रमाण पत्र मिला है। इसी अभियान में और लाभार्थी भी शामिल रहे हैं जिनको ऋण का प्रमाण पत्र दिया गया है।

### साढ़े बारह बजे आए और शाम साढ़े पांच बजे लखनऊ को हुए रवाना

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मंगलवार को दिन के साढ़े बारह बजे झांसी पुलिस लाइन में हैलीकाप्टर लैंड किया। जैसे ही वह हैलीकाप्टर से बाहर आए और सांसद अनुराग शर्मा, सदर विधायक रवि शर्मा, मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे, डीएम अविनाश कुमार, एसएसपी सुधा सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके बाद गंतव्य स्थान की ओर रवाना हुए। मंडलायुक्त कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। तत्पश्चात जालौन और झांसी के भाजपा प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल बैठक की। करीब साढ़े पांच बजे वह पुलिस लाइन पहुंचे। यहां से उनका हैलीकाप्टर लखनऊ के लिए रवाना हो गया।

# मिसेज वर्ल्ड का खिताब जीतकर मोनालिसा पहुंची संघर्ष सेवा समिति कार्यालय



**झाँसी।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मलेशिया में आयोजित मिसेज वर्ल्ड प्रतियोगिता में झांसी की मोनालिसा ने उपविजेता का खिताब जीतकर झांसी जनपद सहित प्रदेश और पूरे देश का नाम रोशन किया है। इसके पूर्व भी मोनालिसा राजस्थान में आयोजित मिसेज इंडिया इंटरनेशनल का खिताब जीत चुकी है। मलेशिया से लौटते हुए भारत की धारा पर उतरने के बाद वे सीधे संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पहुंची जहां ढोल नगाड़े और पुष्प वर्षा के साथ उनका स्वागत किया गया तत्पश्चात बुके व रानी लक्ष्मी बाई की मूर्ति भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने पूरे कार्यालय का भ्रमण किया एवं कार्य प्रणाली के बारे में सदस्यों एवं समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप व उनकी धर्मपत्नी सपना सरावगी से बातचीत भी की।

मोनालिसा के ससुर शेखर सोनी समाजसेवी डॉ. संदीप सरावगी के जेष्ठ भ्राता के समान हैं। उनके बारे में बातचीत करते हुए मोनालिसा ने कहा मेरे पिता तुल्य डॉक्टर संदीप सरावगी जो समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं।

डॉक्टर संदीप ने कहा कि जब हमारे जनपद से कोई व्यक्ति राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करता है तो निश्चित रूप से वह प्रशंसा का पात्र है। हमारा संगठन महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहा है और यदि मोनालिसा की तरह युवतियां व महिलायें हमारा सहयोग करें तो हम निश्चित रूप से समाज के समक्ष अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत कर सकते हैं।

इस अवसर पर मोनालिसा की सांस संगीता सोनी, पति अभय सोनी सहित उनके परिवार से विकास सोनी, विवेक सोनी, नमो , अंकित गुप्ता, राम अवतार, सिमरत जिज्ञासी, रक्षा शर्मा, ट्विंकल बंसल, मीना मसीह, अनीता कुशवाहा, भावना अग्रवाल, उर्मिला, कुसुम कुशवाहा, नेहा चौबे, रानी वर्मा, नीलू रायकवार, जावेद मंसूरी, सचिन राय, रोहित, वीरु रामगढ़, दीपक सिंह सोमंती, सुमन वर्मा, लक्ष्मी, हेमलता कुशवाहा, सपना, चमेली, नैंसी नामदेव, दीक्षा साहू, आशीष विश्वकर्मा, सूरज वर्मा, राजू सेन, अरुण, बसंत, सुशांत, मास्टर मुन्ना लाल मेहता, भावना, अलीशा आदि उपस्थित रहे।

# हरि नाम संकीर्तन यात्रा से होगा श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव का होगा शुभारंभ




**झांसी।** इस्कॉन मंदिर में 12 से 15 मार्च तक श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव एवं होली उत्सव का भव्य आयोजन होगा। हरिनाम संकीर्तन यात्रा से शुभारंभ होगा। मंदिर में फाग व ब्रज के गीत गाए जाएंगे और फूलों की होली खेली जाएगी।

मंदिर अध्यक्ष ब्रजभूमि दास प्रभु ने पत्रकारों को बताया कि 12 से 15 मार्च तक मंदिर में श्री चैतन्य महाप्रभु कथामृत का आयोजन सुबह 8 बजे से होगा। कथा प्रवक्ता मॉरीशस के सुंदर चैतन्य स्वामी होंगे। 12 मार्च की शाम 3ः00 बजे से कचहरी चौराहा से हरिनाम संकीर्तन यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें देश-विदेश के इस्कान सदस्य शामिल होंगे। शाम 7 बजे आरती, कीर्तन व चैतन्य कथामृत का आयोजन होगा। 14 मार्च को श्री चैतन्य महाप्रभु जन्मोत्सव कार्यक्रम होंगे। 56 भोग का प्रसाद अर्पण किया जाएगा और महा आरती होगी 15 मार्च को फूलों की होली खेली जाएगी। इस अवसर पर मंदिर के प्रमुख सहयोगी भक्तगण सुरेंद्र राय,महेश सराफ,राजीव अग्रवाल,अशोक सेठ, मनीष नीखरा,रमेश राय ,अशोक गुप्ता ,अजय अग्रवाल, व्रज जन रंजन दास, दामोदर बंधु दास, सुन्दर मोहन दास, आदि उपस्थित रहे। पीयूष रावत ने आभार व्यक्त किया।

# ऑपरेशन सतर्कः चेकिंग अभियान में पकड़ी गई 32 बोतल, एक आरोपी गिरफ्तार




**झांसी।** रेल सुरक्षा बल ग्वालियर और क्राइम विंग ग्वालियर की संयुक्त टीम ने उत्कल एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से शराब की बोतलें बरामद की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी को अदालत में पेश किया। वहां से उसे जेल भेजा गया।

रेल सुरक्षा बल के मद्देनजर आरपीएफ ग्वालिय और क्राइम विंग ग्वालियर की टीम होली के मद्देनजर स्थानीय रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चला रही हैं। बीते रोज सूचना मिली कि उत्कल एक्सप्रेस ग्वालियर की ओर आ रही हैं। इस ट्रेन के कोच नंबर बी-5 की सीट नंबर 55 पर एक व्यक्ति बैठा हुआ है। इसके पास तीन बैग हैं जिनमें शराब की बोतलें रखी हुई है। इस सूचना पर टीम सक्रिय हो गई। जैसे ही ट्रेन स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर आकर खड़ी हुई तो उक्त कोच की सीट नंबर पर बैठे रेलयात्री को पकड़ लिया। इसके बाद बैगों की तलाशी ली गई। आरपीएफ के मुताबिक छत्तीसगढ़ के जसपुर के ग्राम अम्बिकापुर में रहने वाले सुरेंद्र कुमार रोहिल्ला को गिरफ्तार कर लिया।

आरपीएफ के मुताबिक बैगों से हरियाणा निर्मित 32 शराब की बोतल बरामद की गई। पूछताछ करने पर उसने बताया कि हरियाणा से शराब कम रुपए में खरीदकर छत्तीसग? ले जाकर अधिक रुपए में बेचते हैं, होली के समय अधिक डिमांड होने के कारण अधिक मंहगा बिकता है।

# बीस सूत्रीय मांगों को लेकर महाप्रबंधक को दिया ज्ञापन

**झांसी।** नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाइज संघ के मंडल सचिव रामकुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल में बीस सूत्रीय मांगों को लेकर उत्तर मध्य रेलवे के महाप्रबंधक को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा है कि झांसी मंडल के कार्मिक विभाग की लचर कार्य प्रणाली का दुष्परिणाम रेल कर्मियों को भुगतना पड़ रहा है जिसका ताजा उदाहरण है कि रेलवे बोर्ड द्वारा सभी विभागीय परीक्षाओं को निरस्त करते हुए बोर्ड द्वारा नए सिरे से करने के आदेश के कारण लोको रनिंग संवर्ग से मुख्य लोको निरीक्षक, इंजीनियरिंग संवर्ग से जूनियर इंजीनियर एवं वाणिज्य संवर्ग से सी सी टी सी इत्यादि की चयन प्रक्रिया बाधित होने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश एवं असंतोष है।

मंडल रेल प्रबंधक झांसी में कार्मिक विभाग के विभिन्न अनुभवों में लगभग डेढ़ सौ लिपिक व कार्यालय अधीक्षक कार्यरत हैं वह उनकी अतिरिक्त कर्मचारी कल्याण निरीक्षक निरंतर मंडल में कार्यरत लगभग 15000 कर्मचारियों के वेतन संबंधी कार्य के साथ कदर का कार्य भी निष्पादित कर रहे हैं उनके साथ अतिरिक्त कार्यों में शिकायतों व अन्य प्रकार के कार्यों का निस्तारण करते हैं वहीं कल्याण निरीक्षक भी कर्मचारी के कार्यों को शीघ्र साम्यवादी में निस्तारित करने के लिए प्रयास व्रत रहते हैं जबकि इसके विपरीत वर्तमान कर्मचारियों के अनुपात में इनको केवल आधे कंप्यूटर सिस्टम ही वितरित किए गए हैं और प्रिंटर तो इनके अनुपात में इससे भी काम है जिससे कर्मचारियों को कार्य करने में सुविधा होती है। इसके अलावा अन्य मांगें शामिल रही है। प्रतिनिधि मंडल में गौरव श्रीवास्तव, विवेक चड्ढा,एस के सिंह, महेंद्र सेन , नरेंद्र त्रिपाठी, मनोज बघेल, अशोक त्रिपाठी ,सुभाष चंद्र बोस, गजेंद्र साहू इत्यादि शामिल रहे।

## बिना पंजीकरण के सड़कों पर दौड़ रही टैक्सियां

मऊरानीपुर। गरौठा चौराहे से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चल रही सैकड़ो टैक्सियों का पंजीकरण नहीं है और क्षमता से अधिक लगेज एवं सवारियां को बैठाकर अनेक बार टैक्सियां दुर्घटना ग्रस्त हो चुकी है इसके बाद भी पुलिस एवं परिवहन के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं जानकारी के अनुसार गरौठा चौराहे से कई खटारा टैक्सियां क्षेत्र के कई ग्रामीणों में सवारियां बिठाकर आती व जाती है और कईयो के रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं है तथा टैक्स इतनी खटरा है कि चालक रस्सी से बांधकर स्टार्ट करते हैं और इनमें क्षमता से अधिक लगेज हुआ साबरियों को बैठकर ग्रामीण क्षेत्रों में जाते आते हैं और कई टैक्सियां दुर्घटना घटित ग्रस्त हो चुकी हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मऊरानीपुर (झाँसी)

**पत्र सध्या 113 / न.पा.प. निविदा सूचना/2024-25** **दिनाँकः मार्च 11, 2025**

### अतिअल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, मऊरानीपुर के समस्त ठेकेदारों एवं दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त/पालिका निधि के अन्तर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सार्वजनिक शौचालयों व पालिका कार्यालय में साफ-सफाई हेतु सफाई सामग्री वित्तीय वर्ष 2025-26 में आपूर्ति हेतु दिनांक 24.03.2025 को समय 3 बजे अपरान्ह तक दर प्रति नग से सीलबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारी / दुकानदारों/निविदाधारकों व उनके प्रतिनिधिओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें पालिका कार्यालय मऊरानीपुर में दिनाँक 24.03.2025 को समय 1 बजे अपरान्ह तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोधर धनराशि एवं अनुबंध के समय 8 प्रतिशत धरोहर धनराशि एफ डीआर अथण एन.एस.सी. के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जो अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मऊरानीपुर के पदनाम बंधक होना चाहिए। अन्य शर्तें तथा कार्य का विवरण कार्यालय दिवस में कार्यालय में देखी व पढ़ी जा सकती है। निविदा का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | सामग्री | अनुमानित आगणन | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | सामुदायिक शौचालयों एवं सार्वजनिक शौचालयों व पालिका कार्यालय में साफ-सफाई सामग्री हेतु फिनाइल, ब्रुश (टायलेट), बाईपर, झाड़ू (सीक एव फूल), सोप डिसपेसर, ब्लीचिंग पाउडर, कुनैल की गोली, कॉलीन, हार्पिक , मौरटिन (कालाहिट) हेन्डबॉस, हाथ धोने का साबुन की आपूर्ति का कार्य। | दर प्रति नग से | 9,90,000 | 20,000 | 1000 | वित्तीय वर्ष |

( सर्वेश कुमार )
अधिशासी अधिकारी

( शशि श्रीवास )
अध्यक्ष

नगर पालिका परिषद्, मऊरानीपुर

संपादकीय

# राज ठाकरे के गंगा जल वाले बयान पर सभी खामोश क्यों

**महाराष्ट्र** नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे, जो हिंदू हृदय सम्राट बाला साहब ठाकरे के भतीजे हैं, उन्होंने एक विवादित बयान देकर देशभर का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। राज ठाकरे की पार्टी के एक नेता बाला नंद गांवकर महाकुंभ में गंगा स्नान करने के लिए गए थे। उन्होंने संगम तट पर डुबकी लगाई। वहां से गंगाजल लेकर वह वापस लौटे थे। पुणे में आयोजित पार्टी के स्थापना दिवस पर उन्होंने राज ठाकरे को गंगाजल सौंपते हुए कहा, यह गंगा का पवित्र जल है। इस पर राज ठाकरे ने सार्वजनिक रूप से बयान देते हुए कहा, वह इस गंदे पानी को छू भी नहीं सकते हैं। गंगाजल पीने की बात तो बहुत दूर की है। राज ठाकरे ने कहा संगम तट पर करोड़ों लोगों ने स्नान किया है। वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने कोरोना महामारी की याद दिलाते हुए कहा, लोग अपने पापों का प्रायश्चित करने के लिए प्रयागराज गंगा में स्नान करने के लिए गए थे। क्या गंगा में डुबकी लगाने से वह अपने पापों से मुक्त हो सकते हैं। करोड़ों लोगों ने जिस तरह से गंगा में स्नान किया है। जिस तरह संगम तट पर शरीर को मलमल कर नहाया है। इसके बाद वहां का पानी कैसे साफ रह सकता है। उन्होंने गंगा की सफाई से मामले को जोड़ते हुए कहा, जब केंद्रीय एजेंसी कह रही है, गंगा का पानी बहुत दुषित हो चुका है, तब मैं इस पानी पर कैसे विश्वास कर लूं। कौन इस गंदे पानी का आचमन करेगा।

राज ठाकरे यहीं नहीं रुके। उन्होंने यह भी कह दिया, हमारे देश की कोई भी नदी साफ नहीं है। हम नदियों को मां का दर्जा देते हैं, लेकिन हम नदियों में जाकर कपड़े धोते हैं, स्नान करते हैं और नदियों में गंदगी बहाते हैं। ऐसे में कोई भी नदी साफ रह ही नहीं सकती है। उन्होंने यह कहकर हिंदू आस्था का मजाक उड़ाया। हम हिंदू नदियों को मां का दर्जा देते हैं। और उन्हीं में सबसे ज्यादा गंदगी फैलाते हैं। विदेश की नदियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा विदेशी लोग नदी को अपनी माता नहीं मानते हैं, लेकिन वो नदियों की साफ-सफाई पर पूरा ध्यान रखते हैं। वहां की सारी नदियां सुरक्षित हैं, उनका पानी भी बिल्कुल शुद्ध है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, राजीव गांधी के जमाने से गंगा साफ होगी, यह सुनते हुए आ रहे हैं। फिल्म कलाकार राज कपूर ने गंगा की सफाई पर एक फिल्म भी बनाई थी। राम तेरी गंगा मैली हो गई। यह भी कई दशकों से सुनते आ रहे हैं। उसके बाद भी गंगा साफ नहीं हो पाई है। उन्होंने यह भी कहा, उन्होंने कोई पाप नहीं किया है। इसलिए वह गंगा में पाप धोने के लिए भी नहीं गए। जो लोग पाप करते हैं, वही गंगा में डुबकी लगाने जाते हैं। इस तरह का बयान यदि राज ठाकरे के अलावा किसी अन्य व्यक्ति द्वारा दिया गया होता तो सारे देश में हिंदू आस्था को लेकर बड़ा बवाल मचना तय था। राज ठाकरे जो ना तो किसी विधानसभा के सदस्य हैं, ना संसद सदस्य रहे हैं। महाराष्ट्र में उन्हें बालासाहेब ठाकरे के बाद सबसे तेज तर्रार नेता के रूप में जाना जाता है। वह बिना किसी डर और भय के अपनी बात कहने के लिए जाने जाते हैं। गंगा नदी और हिंदू आस्था का यह अपमान महाराष्ट्र के अंदर राज ठाकरे द्वारा किया गया है। इसके बाद भी देश भर में इस बयान को लेकर जिस तरह से भाजपा और संघ ने चुप्पी साध रखी है, वह सभी को आश्चर्यचकित कर रही है। राज ठाकरे ने कहीं से भी हिंदू धार्मिक आस्थाओं का ध्यान नहीं रखा। उल्टे उन्होंने गंगा स्नान करने वालों को पापी बता दिया। केंद्रीय पॉल्यूशन बोर्ड की महाकुंभ के दौरान जो जाँच रिपोर्ट आई है, उसमें संगम तट के पानी को सबसे प्रदूषित पानी बताया गया था। उसमें मल-मूत्र होना भी पाया गया था। राज ठाकरे ने कहा ऐसे पानी को वह छू भी नहीं सकते हैं। नहाने की बात तो बहुत दूर की बात है। राज ठाकरे के इतने आपत्तिजनक बयान के बाद भी महाराष्ट्र और देश के हिंदुओं में किसी तरह की कोई प्रतिक्रिया नहीं होना, सबको आश्चर्यचकित कर रहा है। जो सच है, सार्वजनिक रूप से बोलने में राज ठाकरे ने कोई कोताही नहीं बरती। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना कट्टरवादी हिंदू पार्टी है। बाबरी मस्जिद के विध्वंस की जिम्मेदारी भी शिव सैनिकों ने ली थी। उन्हीं राज ठाकरे ने गंगा मैया में डुबकी लगाने से सभी पापों का नाश होता है, उसका मजाक उड़ाया है। गंगा के पवित्र जल से सभी हिंदू आस्था के साथ हवन पूजन इत्यादि के कार्यक्रम शुरू होते हैं। गंगाजल से भगवान का अभिषेक होता है। उस गंगाजल के बारे में राज ठाकरे की यह प्रतिक्रिया निश्चित रूप से हिंदू आस्था पर ठेस पहुंचाने वाली है। बात-बात में हिंदू आस्था की बात करने वाले संघ, उसके सहयोगी संगठन, भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद का मौन समझ से परे है। यह भी ऐसे अवसर पर जब उत्तर प्रदेश सरकार का दावा है, प्रयागराज तट पर 66 करोड लोगों से ज्यादा श्रद्धालुओं ने संगम तट पर स्नान किया है। राज ठाकरे ने कहा है, जब इतने बड़े पैमाने पर वहां पर लोग एकत्रित हुए। करोड़ों लोगों ने संगम तट और गंगा में डुबकी लगाई है। ऐसी स्थिति में गंगा का पानी साफ हो ही नहीं सकता है। अब देखना यह है, कि राज ठाकरे के इस बयान पर भगवाधारी साधु-सन्यासी, विश्व हिंदू परिषद और संघ किस तरह से अपनी प्रतिक्रिया देता है। लोकसभा एवं महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में राज ठाकरे ने भाजपा की मदद की थी। वह स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बाजू की कुर्सी पर बैठे हुए नजर आए थे। उसके बाद भी उन्होंने नदियों का उल्लेख करते हुए हिंदू श्रद्धालुओं की भावनाओं को भड़काने का काम किया है। राज ठाकरे एक ऐसे नेता हैं, जो अपनी बात बिना किसी डर, दबाव या भय के कहते हैं। भाजपा चाहकर भी उनके इस बयान पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दे पा रही है। इससे भाजपा और संघ की मजबूरी को समझा जा सकता है।

**- सनत जैन**

राज काज

## जबरिया धर्म परिवर्तन पर फांसी

जबरिया धर्म परिवर्तन की परिभाषा क्या होगी। यह पुलिस और सरकार तय करेगी। मध्य प्रदेश सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर घोषणा की है। जबरिया धर्म परिवर्तन करने वालों को फांसी की सजा दी जाएगी। मासूम बेटियों के साथ किसी को अत्याचार करने की अनुमति नहीं होगी। मध्य प्रदेश सरकार जल्द ही कानून बनाने जा रही है। जिसमें जबरिया धर्म परिवर्तन कराने वाले आरोपियों को सीधे ऊपर भेजा जाएगा। मध्य प्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप किस पर लगता है, यह सबको पता है। लोग तो अब यह भी कहने लगे हैं। सबसे बड़ा धर्म परिवर्तन संघ ओर उसके अनुवांशिक संगठन करा रहे हैं। आदिवासियों को जबरिया हिंदू बनाया जा रहा है। आदिवासी क्षेत्रों में एक नया विवाद खड़ा हो रहा है। आदिवासी कह रहे हैं कि हमारा धर्म अलग है। हमारे देवता अलग हैं। संघ का रहा है, सभी हिंदू हैं, सभी के भगवान राम है। आदिवासियों को हिंदू बनाने का काम देश में बड़े पैमाने पर हो रहा है।

### भाजपा नेता कांग्रेसी बनकर गुजरात में कांग्रेस को हरा रहे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है, गुजरात कांग्रेस में कई ऐसे नेता हैं। जो परदे के पीछे से भाजपा का काम करते हैं। कांग्रेस की टिकट पर चुनाव जीतकर नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा की शरण में चले जाते हैं। अब ऐसे नेताओं को कांग्रेस बाहर करेगी। अहमद पटेल के समय से यह खेल बड़े पैमाने पर शुरू हुआ था। कई बड़े-बड़े नेता आए और चले गए। धीरे-धीरे कांग्रेस संगठन में नीचे तक भाजपा की पहुंच हो गई। अब राहुल गांधी किस तरह से कांग्रेस में सफाई करेंगे। सफल होंगे या असफल होंगे। कहना मुश्किल है। सरकार तो अभी भी गुजरात में भाजपा और नरेंद्र मोदी की है। गुजरात के नेता व्यापारी होते हैं। वह राजनीति को भी व्यापार की तरह करते हैं। राहुल गांधी दूध से पानी को कैसे अलग करेंगे, यह तो राहुल गांधी ही जाने।

# हारे का सहारा हैं खाटू के श्री श्याम



रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान के सीकर जिले में स्थित खाटू श्याम मंदिर बाबा श्याम जी के लिए प्रसिद्ध है। यह मंदिर भारत के सबसे प्रसिद्ध मंदिरों में गिना जाता है। खाटू श्याम जी को भगवान श्रीकृष्ण का कलयुगी अवतार माना जाता है। दानशीलता के कारण बर्बरीक ने बिना किसी सवाल के अपना शीश भगवान श्री कृष्ण को दान दे दिया। इसी दानशीलता के कारण श्री कृष्ण ने कहा कि तुम कलयुग में मेरे नाम से पूजे जाओगे। तुम कलयुग का अवतार कहलाओगे और हारे का सहारा बनोगे। इसलिए उन्हें हारे का सहारा भी कहा जाता है। खाटू श्याम जी के मंदिर में दर्शन के लिए हर दिन लाखों भक्त आते हैं। यहां फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की द्वादशी को श्याम बाबा का विशाल वार्षिक मेला भरता है। जिसमें देश-विदेशों से आये करीबन 30 लाख श्रृद्धालु शामिल होते हैं। खाटू श्याम का मेला राजस्थान के बड़े मेलों में से एक है।

इस मंदिर में भीम के पौत्र और घटोत्कच के पुत्र बर्बरीक की श्याम यानी कृष्ण के रूप में पूजा की जाती है। इस मंदिर के लिए कहा जाता है कि जो भी इस मंदिर में जाता है उन्हें श्याम बाबा का नित नया रूप देखने को मिलता है। कई लोगों को तो इस विग्रह में कई बदलाव भी नजर आते है। कभी मोटा तो कभी दुबला। कभी हंसता हुआ तो कभी ऐसा तेज भरा कि नजरें भी नहीं टिक पातीं। श्याम बाबा का धड़ से अलग शीष और धनुष पर तीन वाण की छवि वाली मूर्ति यहां स्थापित की गई। कहते हैं कि मन्दिर की स्थापना महाभारत युद्ध की समाप्ति के बाद स्वयं भगवान कृष्ण ने अपने हाथों की थी। श्याम बाबा की कहानी महाभारत काल से आरम्भ



11 मार्च मेले पर विशेष

होती है। वे पहले बर्बरीक के नाम से जाने जाते थे तथा भीम के पुत्र घटोतकच और नाग कन्या अहिलवती के पुत्र थे। बाल्यकाल से ही वे बहुत वीर और महान योद्धा थे। उन्होने युद्ध कला अपनी मां से सीखी। भगवान शिव की घोर तपस्या करके उन्हें प्रसन्न किया और उनसे तीन अभेध्य बाण प्राप्त कर तीन बाणधारी के नाम से प्रसिद्ध हुये। अग्नि देव ने प्रसन्न होकर उन्हें धनुष प्रदान किया जो उन्हें तीनो लोकों में विजयी बनाने में समर्थ थे। कौरवों और पाण्डवों के मध्य महाभारत युद्ध का समाचार बर्बरीक को प्राप्त हआ तो उनकी भी युद्ध में सम्मिलित होने की इच्छा जागृत हुयी। जब वे अपनी मां से आशीर्वाद प्राप्त करने पहुंचे तब मां को हारे हुये पक्ष का साथ देने का वचन दिया। महाभारत के युद्ध में भाग लेने के लिये वे अपने नीले रंग के घोडे पर सवार होकर धनुष व तीन बाणों के साथ कुरुक्षेत्र की रणभूमि की और अग्रसर हुये।

भगवान कृष्ण ने ब्राह्मण वेश धारण कर बर्बरीक से परिचित होने के लिये उसे रोका और यह जानकर उनकी हंसी भी उड़ायी कि वह मात्र तीन बाण से युद्ध में सम्मिलित होने आया है। ऐसा सुनने पर बर्बरीक ने उत्तर दिया कि मात्र एक बाण शत्रु सेना को ध्वस्त करने के लिये पर्याप्त है और ऐसा करने के बाद बाण वापिस तरकस में ही आयेगा। यदि उन्होने तीनो बाणों को प्रयोग में ले लिया गया तो तीनो लोकों में हाहाकार मच जायेगा। इस पर कृष्ण ने उन्हें चुनौती दी की इस पीपल के पेड के सभी पत्रों को छेद कर दिखलाओ। जिसके नीचे दोनो खड़े थे। बर्बरीक ने चुनौती स्वीकार की और अपने तुणीर से एक बाण निकाला और ईश्वर को स्मरण कर बाण पेड़ के पत्तो की और चलाया। तीर ने क्षण भर में पेड के सभी पत्तों को भेद दिया और कृष्ण के पैर के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने लगा। क्योंकि एक पत्ता उन्होनें अपने पैर के नीचे छुपा लिया था। तब बर्बरीक ने कृष्ण से कहा कि आप अपने पैर को हटा लीजिये वर्ना ये आपके पैर को चोट पहुंचा देगा। कृष्ण ने बालक बर्बरीक से पूछा कि वह युद्ध में किस और से सम्मिलित होगा तो बर्बरीक ने अपनी मां को दिये वचन दोहराते हुये कहा कि वह युद्ध में निर्बल और हार की और अग्रसर पक्ष की तरफ से भाग लेगा। कृष्ण जानते थे कि युद्ध में हार तो कौरवों की ही निश्चित है। अगर बर्बरीक ने उनका साथ दिया तो परिणाम उनके पक्ष में ही होगा। ब्राह्मण बने कृष्ण ने बालक बर्बरीक से दान की अभिलाषा व्यक्त की। इस पर वीर बर्बरीक ने उन्हें वचन दिया कि अगर वो उनकी अभिलाषा पूर्ण करने में समर्थ होगा तो अवश्य करेगा। कृष्ण ने उनसे शीश का दान मांगा। बालक बर्बरीक क्षण भर के लिये चकरा गया परन्तु उसने अपने वचन की दृढ़ता जतायी। बालक बर्बरीक ने ब्राह्मण से अपने वास्तिवक रूप में आने की प्रार्थना की और कृष्ण के बारे में सुन कर बालक ने उनके विराट रूप के दर्शन की अभिलाषा व्यक्त की। तब कृष्ण ने उन्हें अपना विराट रूप दिखाया। उन्होने बर्बरीक को समझाया कि युद्ध आरम्भ होने से पहले युद्धभूमि की पूजा के लिये एक वीर क्षत्रिय के शीश के दान की आवश्यक्ता होती है। उन्होनें बर्बरीक को युद्ध में सबसे बड़े वीर की उपाधि से अलंकृत कर उनका शीश दान में मांगा। बर्बरीक ने उनसे प्रार्थना की कि वह अंत तक युद्ध देखना चाहता है। श्री कृष्ण ने उनकी यह बात स्वीकार कर ली।

# हिंदू त्यौहार और साम्प्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति



राम पुनियानी

संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया।

इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुम्भ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिम्मेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सत्ताधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।

जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी। इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे। इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गईं। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था। इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था। पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे। काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए। परिवहन व्यवस्था अच्छी और पर्याप्त नहीं थी। नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई लोग मारे गए, से यह साफ़ है है। अभी-अभी मशहूर हुए एक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें नरेन्द्र मोदी अपना छोटा भाई कहते हैं, ने प्रसन्न भाव से कहा कि जो लोग भगदड़ में मारे गए उन्हें मोक्ष मिलेगा। गंगा के पानी की गुणवत्ता बहुत ही नीचे स्तर तक गिर गई। नदी में ई-कोलाई और मल-मूत्र घुला हुआ था।

सुविचार

फल की अभिलाषा छोड़कर कर्म करनेवाला मनुष्य ही मोक्ष प्राप्त करता है। **- गीता**

धर्म करते हुए मर जाना अच्छा है पर पाप करते हुए विजय प्राप्त करना अच्छा नहीं।

**- महाभारत**

प्रसंग

## जनकल्याण की राह

एक बार अयोध्या के राजा रघु के दरबार में इस प्रश्न पर बहस चल ए रही थी कि राजकोष का उपयोग किन प्रयोजनों के लिए किया जाए? एक पक्ष का मत था कि सैन्य शक्ति बढ़ाई जाए ताकि न केवल अपनी सुरक्षा हो बल्कि राज्य के विस्तार की योजना भी आगे बढ़े। इस अभियान पर जो खर्च होगा उसकी भरपाई पराजित देशों से मिलने वाले संसाधनों से की जा सकेगी। दूसरे पक्ष का कहना था कि राजकोष प्रजा जन के हित में खर्च किया जाए ताकि उनका जीवन स्तर बढ़ सके। अगर सुखी, संतुष्ट, साहसी और सहृदय नागरिक हों तो देश समृद्ध होता है। इस प्रकार युद्ध करके नए क्षेत्र जीतने की अपेक्षा मैत्री का विस्तार कहीं अधिक लाभदायक है। उससे स्वेच्छया सहयोग और अपनत्व की ऐसी उपलब्धियां प्राप्त होती हैं, जिनके कारण छोटा देश भी चक्रवर्ती स्तर का बन सकता है। दोनों पक्षों के तर्क चलते रहे। सबके मन में उत्सुकता थी कि आखिर राजा रघु क्या निर्णय देते हैं। जब सबने अपनी बात समाप्त की तब उन्होंने कहा, युद्ध पीढ़ियों से लड़े जाते रहे हैं। उनके कड़वे - मीठे परिणाम भी स्मृति पटल पर अंकित हैं। लेकिन इस बार युद्ध छोड़ दिया जाए और लोकमंगल को अपनाया जाए। देखते हैं क्या होता है। समस्त संपत्ति जनकल्याण की योजनाओं पर खर्च कर दी जाए। कुछ सभासद दबे-छुपे इस निर्णय की आलोचना करने लगे। उन्हें अनिष्ट की आशंका सताने लगी। उधर रघु के निर्णय के मुताबिक विकास योजनाएं तेज कर दी गईं। धीरे-धीरे प्रजाजन हर दृष्टि से समुन्नत हो गए। आक्रमण की चर्चाएं समाप्त हो गईं। सुख-शांति के समाचार पाकर अन्य देशों के समर्थ लोग वहां आकर बसने लगे।

जरा हटके

## मात्र 250 रुपये की पेंटिंग से चमकी महिला की किस्मत





**फ्लोरिडा (ईएमएस)।** ओहियो के ऑकवुड में रहने वाली 27 वर्षीय मरीसा एल्क्रॉन अपने मंगेतर एरॉन हेली के साथ घर लौट रही थीं, तभी अचानक उन्होंने एक चैरिटी शॉप पर जाने का फैसला किया। शॉप में कई नई चीजें आई थीं, जिन्हें देखकर मरीसा को कुछ पेंटिंग्स पसंद आईं।

इनमें से एक पेंटिंग उन्हें खासतौर पर आकर्षक लगी, जिसे उन्होंने महज 2.9 डॉलर (करीब 253 रुपये) में खरीद लिया। पेंटिंग खरीदने के बाद जब वह कार में बैठ रही थीं, तभी उनकी नजर कोने में लिखे कलाकार के नाम पर पड़ी–जोहान बर्थेलसन। मरीसा ने पहले तो सोचा कि यह कोई स्थानीय चित्रकार होंगे, लेकिन जब उन्होंने गूगल पर इस नाम को खोजा, तो पता चला कि जोहान बर्थेलसन एक प्रसिद्ध चित्रकार थे, जिनकी कलाकृतियों की कीमत लाखों रुपये में होती है। बर्थेलसन की पेंटिंग्स की कीमत डेढ़ लाख से लेकर 31 लाख रुपये तक आंकी गई है। इससे उत्साहित होकर मरीसा ने पेंटिंग की प्रमाणिकता की जांच करने के लिए कला विशेषज्ञों की तलाश शुरू की। फेसबुक के एक कला समूह में जब उन्होंने यह पेंटिंग साझा की, तो उसे काफी सराहना मिली। इसके बाद उन्होंने सिनसिनाटी स्थित काजा साइकेस आर्ट गैलरी से संपर्क किया, जहां विशेषज्ञों ने इसकी कीमत डेढ़ लाख से ढाई लाख रुपये के बीच आंकी। मरीसा अब इस पेंटिंग को नीलाम कराने की योजना बना रही हैं, जिससे उन्हें लगभग 2 लाख रुपये मिलने की उम्मीद है। इस रकम को वह अपनी आगामी शादी के खर्च में इस्तेमाल करेंगी। उनकी इस अनोखी कहानी ने सोशल मीडिया पर भी खूब सुर्खियां बटोरीं और इंस्टाग्राम पर उनके पोस्ट को 27 हजार से ज्यादा व्यूज़ मिले।

फोटो ऑफ द डे



अर्जेंटीन में आई बाढ़ के बाद राजधानी ब्यूनस आयर्स में क्षतिग्रस्त पड़ी हुई एक कार नजर आ रही। (फोटो-ईएमएस)

व्यंग्य

# किस्सा टैक्स का

—महेशचंद्र द्विवेदी

टैक्स लगाना ओर टैक्स बचाना दोनों बड़े तिकड़म के हुनर हैं। महँगाई और टैक्स दो जुड़वाँ बहिनें हैं जो दोनों ही वित्तमंत्री के इशारे पर नाचती हैं - वित्तमंत्री चाहें तो इन्हें हौले-हौले ओडिसी-सा नचाए और चाहे तो कथक के तराने की तत्कार पर नचाए। ये इस नाच से हुई आमदनी से सरकारी ख़ज़ाने को भरती हैं। ये दोनों ही भरपूर जवानी में इंसान की कमर तोड़ देने की कुव्वत रखती हैं, इसीलिए इनकी मार सहे कुछ दिलजलों ने इन्हें सरकार द्वारा कानूनी लूट का नाम दिया है। इस रिश्ते से वित्त मंत्री को सरकारी लुटेरा कहना उनके साथ कोई बड़ी बेइंसाफ़ी नहीं होगी।

इस लूट की मार अवाम सहता जाए और आह भी न भरे, इसलिए नए-नए टैक्स लगाते वक्त अक्सर वित्त मंत्री चील जैसी चालाकी, जेबकतरे जैसी सफ़ाई और बेवफ़ा पतुरिया जैसी बेरुखी से काम लेते हैं। हालँकि इस लूट की ज़म्मेदारी वित्त मंत्री के सिर थोपी जाती है लेकिन सच यह है कि उसकी नकेल राजा (आजकल काबीना) के हाथ रहती है और वित्त मंत्री उनकी इच्छा के अनुसार अजीबोग़रीब क़स्मि के टैक्स लगाते रहते हैं, कुछ लाजवाब नमूने पेश करने से बात और साफ़ हो जाएगी। अमेरिका की टेक्सस रियासत में स्ट्रिप-क्लब (कपड़े-उतार-नाच के क्लब) बड़े लोकप्रिय हैं। इस साल से वहाँ हर ग्राहक पर पाँच डॉलर का टैक्स यह बताकर लगाया गया है कि इससे होने वाली आमद को बलात्कार की शिकार औरतों की मदद के लिए खर्च किया जाएगा। मुझे सरकार द्वारा बताई गई इस वजह में बड़ी दम लगती है और इसकी जानकारी होने के बाद मेरी निगाह में टेक्सस की सरकार की इज़्ज़त बहुत बढ़ गई है। साफ़ है कि जब कपड़े-उतार-नाच ज़्यादा लोग देखेंगे तो बलात्कार के केस ज़्यादा होंगे ही और फिर ज़्यादा औरतों को मदद की ज़रूरत भी पड़ेगी।

इसके विपरीत शिकागो में लगाए गए इस टैक्स की वजह मैं आज तक नहीं समझ पाया हूँ कि सोडा को जार से सीधे गिलास में डलकर खरीदिए तो 9 फ़ीसदी टैक्स भरिए और बोतल में ख़रीदिए तो सिर्फ़ 4 फ़ीसदी टैक्स दीजिए। बस एक बात मेरी हिंदुस्तानी समझ में ज़रूर आ रही है कि हो न हो बोतल बनाने वाली कंपनियों ने शिकागो की सरकार को खुश कर दिया होगा और उनकी बोतलों की बिक्री बढ़ाने के लिए सरकार ने बोतल वाले सोडा पर कम टैक्स लगाया होगा। गुज़रे ज़माने में लगाए गए टैक्स आजकल के टैक्सों से कम अजूबा नहीं होते थे।

अठारहवीं सदी में इंग्लैंड में मरदों द्वारा विग पहनने का बड़ा रिवाज़ था, इसलिए वहाँ के राजा विलियम पीटर ने विग पाउडर पर टैक्स लगा दिया था। नतीजा यह हुआ कि उन्नीसवीं सदी के आते-आते बेचारे मर्दों ने जनानियों को लुभाने का अपना यह शौक ही छोड़ दिया। रूस के पीटर्यकुम ने घर में खिड़कियों की तादाद पर टैक्स लगा दिया था- मुझे लगता है कि खिड़की से आने वाली ठंडी हवा से उसे गठिया का दर्द सताता होगा। पुराने ज़माने में चीन में चाऊ राज्य में किसानों को उतना ज़्यादा टैक्स देना पड़ता था जितनी दूरी से वह अपनी फसल बेचने लाता था- यानी कि बेचारे दूर दराज़ के देहातियों पर दोहरी मार पड़ती थी।

चिंतन-मनन

# इसलिए रह जाती है पूर्व जन्म की स्मृतियां

माना जाता है कि संसार में हम जो भी काम करते अथवा बोलते हैं वह एक उर्जा के रूप में प्रकृति में वर्तमान रहती है। उर्जा के विषय में विज्ञान कहता है कि उर्जा कभी नष्ट नहीं होती है। इसका स्वरूप बदलता रहता है। हमारी आत्मा भी उर्जा का ही स्रोत है इसलिए कभी मनुष्य शरीर में रहती है तो कभी पशु, कीट की योनी में जाकर रहती है।

लेकिन अपनी आत्मा को हम किस रूप में स्थान देना चाहते हैं यह हमारे अपने हाथ में है। जिस प्रकार उर्जा को कर्म के अनुसार रूपांतरित किया जा सकता है ठीक उसी प्रकार कर्म के अनुसार आत्मा को भी रूप दिया जा सकता है। पुराणों में बताया गया है कि आत्मा का वही रूप होता है जैसे शरीर में वह विराजमान होता है। वर्तमान जन्म में हम जो अच्छे या बुरे कर्म करते हैं उसके अनुरूप आत्मा दूसरा शरीर ग्रहण करती है।

आत्मा अपने साथ पूर्व जन्म की स्मृति और आकांक्षाओं को भी साथ में लेकर दूसरे शरीर में प्रवेश करती है। शरीर बदलने के बाद भी आत्मा पुराने शरीर की स्मृतियों को नहीं भूलती है। इस तथ्य को परामनोवैज्ञानिक भी स्वीकार करते हैं। मरने के समय जिनकी आत्मा अतृप्त रहती है और पूर्व जन्म कार्यों को पूरा करने के लिए छटपटाती रहती है। ऐसे लोगों को अपने पूर्व जन्म की कई बातों की स्मृति रहती है।

रोचक

# शरीर की ऊर्जा क्षमता को बढ़ाता है ब्राउन फैट

**न्यूयॉर्क (ईएमएस)।** अमेरिकी शोधकर्ताओं का कहना है कि बढती उम्र में शरीर की ऊर्जा क्षमता को ब्राउन फैट न केवल बढ़ाता है, बल्कि दीर्घायु होने में भी सहायक हो सकता है। उम्र बढ़ने के साथ शारीरिक रूप से फिट रहने की चुनौती से जूझ रहे लोगों के लिए एक नई खोज उम्मीद जगा सकती है।

यह अध्ययन रटगर्स यूनिवर्सिटी के न्यू जर्सी मेडिकल स्कूल की टीम द्वारा किया गया, जिसमें ब्राउन फैट की भूमिका और इसकी संभावनाओं पर प्रकाश डाला गया। अध्ययन में यह पाया गया कि एक विशेष जीन की कमी वाले चूहों ने ब्राउन फैट का अत्यधिक सक्रिय रूप विकसित किया, जिससे उनकी जीवन प्रत्याशा में वृद्धि हुई और उनकी कार्य क्षमता में लगभग 30 प्रतिशत का सुधार हुआ। इस खोज के आधार पर, वैज्ञानिक एक ऐसी दवा विकसित करने पर काम कर रहे हैं, जो मनुष्यों में भी इसी तरह के प्रभाव पैदा कर सके। रटगर्स यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और इस अध्ययन के वरिष्ठ लेखक स्टीफन वैटनर ने कहा, जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, कार्य क्षमता में गिरावट आती है।

अगर इसे बढ़ाने का कोई तरीका मिल जाए, तो स्वस्थ उम्र बढ़ने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होगी। उन्होंने यह भी बताया कि अध्ययन के दौरान आनुवंशिक रूप से संशोधित चूहे अपने सामान्य साथियों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रहे थे।

# ब्रिटेन के उत्तरी सागर में बड़ा हादसाः तेल टैंकर से टकराया जहाज, आग लगने से मचा हड़कंप

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्वी तट के पास सोमवार को एक भीषण समुद्री दुर्घटना हुई, जब एक मालवाहक जहाज ने जेट ईंधन ले जा रहे टैंकर को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों जहाजों में आग लग गई, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। इस हादसे में जहाजों पर सवार 37 लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि एक घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जहाज निगरानी साइट वेसलफाइंडर के मुताबिक, अमेरिकी ध्वज लगे केमिकल और तेल टैंकर एम.वी. स्टेना इमैक्युलेट यूनान से रवाना होकर ग्रिम्सबी बंदरगाह के पास लंगर डाले खड़ा था। इसी दौरान पुर्तगाली ध्वज वाला मालवाहक जहाज सोलोंग, जो स्कॉटलैंड के ग्रेंजमाउथ से नीदरलैंड के रॉटरडैम जा रहा था, उससे टकरा गया।

## टक्कर के बाद मची अफरा-तफरी

टैंकर का संचालन करने वाली अमेरिकी समुद्री प्रबंधन कंपनी क्राउली के अनुसार, टक्कर के कारण जेट-ए1 ईंधन युक्त कार्गो टैंक फट गया, जिससे आग लग गई और कई विस्फोट हुए। इसके चलते ईंधन समुद्र में फैल गया, जिससे पर्यावरण को भी खतरा पैदा हो गया है। इस घटना के फौरन बाद ही ब्रिटेन की समुद्री और तटरक्षक एजेंसी ने राहत और बचाव अभियान शुरू किया। तीन लाइफबोट, एक कोस्ट गार्ड हेलीकॉप्टर, एक कोस्ट गार्ड प्लेन और फायरफाइटिंग जहाज राहत कार्य में लगा दिए गए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आग से बचने के लिए कई नाविक जहाज से कूद गए, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है।

## हादसे में कोई हताहत नहीं

स्थानीय सांसद ग्राहम स्टुअर्ट ने बताया कि, टैंकर पर मौजूद सभी 23 नाविक सुरक्षित हैं। मालवाहक जहाज के चालक दल के 14 सदस्य भी बचा लिए गए हैं। कुल 37 लोगों में से 36 सुरक्षित हैं, जबकि एक व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## टैंकर से जुड़ा अमेरिकी सैन्य संबंध

स्टेना इमैक्युलेट अमेरिकी सरकार के टैंकर सुरक्षा कार्यक्रम का हिस्सा है, जो जरूरत पड़ने पर अमेरिकी सेना के लिए ईंधन परिवहन करता है।

## जांच के आदेश, पर्यावरण को खतरा

ब्रिटेन की समुद्री एजेंसियों ने घटना की औपचारिक जांच शुरू कर दी है। समुद्र में फैले जेट ईंधन के कारण समुद्री जीवों और पर्यावरण पर खतरे को लेकर भी चिंता जताई जा रही है।



मैक्सिको के सेंटो डोमिनिगो में ड्रोन के जरिये एक बस हादसे की ली गयी तस्वीर।

# पीएम मोदी के स्वागत में मॉरीशस में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज

**पोर्ट लुईस।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को अपनी दो दिवसीय यात्रा पर मॉरीशस पहुंचे, जहां उनके स्वागत में बिहारी परंपरा और लोकगीतों की गूंज सुनाई दी। सर सीवसागर रामगुलाम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पारंपरिक तरीके से प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया गया।

राजधानी पोर्ट लुईस में एक अनूठी सांस्कृतिक परंपरा का दृश्य देखने को मिला, जब स्थानीय महिलाओं के एक दल ने पारंपरिक बिहारी लोकगीत गाकर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। महिलाओं ने उत्साहपूर्वक गाया, धन्य है, धन्य है देश हमारा हो, मोदी जी पधारे हैं। जय मॉरीशस, बोलो जय भारत। यह गीत भारत के भोजपुरी क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मॉरीशस में बसे भारतीय समुदाय ने जीवंत बनाए रखा है। स्वागत के पलों को प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया



प्लेटफॉर्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, मॉरीशस में भारतीय समुदाय द्वारा दिया गया गर्मजोशी भरा स्वागत हृदयस्पर्शी है। भारतीय विरासत, संस्कृति और मूल्यों के प्रति उनका मजबूत संबंध वास्तव में प्रेरणादायक है। इतिहास और हृदय का यह बंधन पीढ़ियों से पनपता आ रहा है।

## भोजपुरी संस्कृति की अनूठी छाप

मॉरीशस में पारंपरिक भोजपुरी संगीत शैली गीत गवई काफी लोकप्रिय है। इसे विशेष मान्यता देते हुए, यूनेस्को ने दिसंबर 2016 में इसे मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की प्रतिनिधि सूची में शामिल किया था। यह शैली मॉरीशस में भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक पहचान का अहम हिस्सा बन चुकी है।

# सीरिया में महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाने पर वीएचपी का सवाल .....अब क्यों चुप हैं राजनीतिक दल और कट्टरपंथी

**सीरिया।** रमजान के पवित्र माह में सीरिया में जारी संघर्ष ने भयावह रूप ले लिया है। सीरिया की नई सरकार और अपदस्थ राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच चल रही हिंसक झड़पों में हजारों लोग मारे गए हैं। चिंता की बात यह है कि इस संघर्ष में मुस्लिम महिलाओं पर अत्याचार बढ़े हैं। युवतियों और विवाहित महिलाओं के साथ बलात्कार की घटनाओं में वृद्धि हुई है, साथ ही उन्हें सरेआम निर्वस्त्र करके घुमाने की खबरें सामने आई हैं। वहीं विश्व हिंदू परिषद ने सीरिया में महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों की निंदा की है और साथ ही उन राजनीतिक दलों, कट्टरपंथियों, कठमुल्लों और मुस्लिम धर्मगुरुओं से सवाल पूछा है कि आखिर वे इस मुद्दे पर चुप क्यों हैं? वीएचपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने लिखा, महिलाओं को निर्वस्त्र घुमाकर की हत्या! रमजान में भी..!! पुरुषों को भी कुत्तों की तरह घुटनों पर चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं, सरकार समर्थक सुन्नी मुस्लिमों द्वारा महिलाओं की हत्या करने से पहले उन्हें सड़कों पर निर्वस्त्र दौड़ाया जा रहा है। वह भी कथित पवित्र इस्लाम के नाम पर!! क्या यही है इस्लाम और रमजान का पाक नामा!! गाजा पर बाजा बजाकर आतंकियों के लिए आंसू बहाने वाले भारतीय कट्टरपंथी मुस्लिम उलेमा और उनकी संस्थाएं इस पर क्यों मौन हैं? छोटी छोटी बातों पर बयान देने वाले लोग और संस्थाएं किधर मुंह छुपा कर बैठी हैं?' गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी के रोज़ा रखने पर भी हाल ही में देश में विवाद हुआ था। लेकिन,शमी के रोज़े पर सवाल उठाने वाले न किसी मौलाना ने और न ही गाज़ा को लेकर बवाल मचाने वाले किसी मुस्लिम धर्मगुरु ने सीरिया की घटनाओं पर कोई बयान दिया है।

# कांगो में दर्दनाक हादसा-नाव पलटने से 25 की मौत, फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल

**मुशी।** दक्षिण-पश्चिमी कांगो में क्वा नदी में एक नाव पलटने से 25 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, इनमें फुटबॉल खिलाड़ी भी शामिल हैं। यह हादसा तब हुआ जब खिलाड़ी माई-न्डोम्बे प्रांत के मुशी शहर में एक फुटबॉल मैच खेलकर लौट रहे थे। घटना के संबंध में जानकारी दे रहे प्रांतीय प्रवक्ता एलेक्सिस मपुतु ने बताया, कि रात में खराब दृश्यता के कारण हादसा होने का अंदेशा है। हादसे के बाद कम से कम 30 लोगों को बचा लिया गया, लेकिन कई अभी भी लापता बताए गए हैं। कांगो में नदी परिवहन मुख्य यात्रा साधन है, लेकिन यहां अक्सर नाव दुर्घटनाएं होती रहती हैं। बताया जाता है कि क्षमता से अधिक यात्रियों को बैठाना, नौका नियमों का सही से पालन न होना, रात में खतरनाक सफर करना, ये सभी कारण नाव हादसों की संख्या बढ़ाते हैं।

## आज का इतिहास 12 मार्च


1612 बंगाल के अंतिम अफगान शासक के पुत्र उस्मान खान लोहानी की मौत लड़ाई में घायल होने के कारण हुई.
1868 ब्रिटेन ने बसुतोलैंड पर कब्जा किया.
1872 लार्ड मेयो के हत्यारे शेर अली को फांसी दी गयी.
1923 कमाल अतातुर्क तुर्की के पहले राष्ट्रपति बने.
1925 आधुनिक चीन के जनक सन यात सेन का निधन.
1930 गांधीजी ने डांडी यात्रा शुरू की.
1954 साहित्य अकादमी का उद्घाटन हुआ.
1967 श्रीमती इंदिरा गांधी दूसरी बार प्रधानमंत्री बनी.
1968 मॉरीशस स्वतंत्र हुआ.
1973 सीरिया में नया संविधान स्वीकार किया गया.
1989 नरौरा परमाणु बिजलीघर द्वारा उत्पादन आरंभ.
1992 मुंबई में तेरह बम विस्फोटों में सौ से अधिक लोग मारे गए.
1992 मॉरीशस गणराज्य बना.
1993 कैनबेरा आस्ट्रेलिया की राजधानी बना.
1994 चर्च ऑफ इंग्लैंड ने 460 वर्ष पुरानी परंपरा को तोड़ते हुए एक महिला को ब्रिस्टल चर्च में पादरी बनाया गया.
2003 सर्बिया के प्रधानमंत्री जोरान जिंदजिक की बेलग्रेड में गोली मारकर हत्या.
2005 झारखंड में अर्जुन मुंडा ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली.

## प्रसंगतः सेवा की भावना

जर्मनी का महान समाजसेवी ओबरलीन एक बार अपनी यात्रा के दौरान मुसीबतों से घिर गया। तेज आंधी-तूफान और ओलों ने उसे बुरी तरह परेशान कर दिया। वह मदद के लिए चिल्लाता रहा, लेकिन सबको अपनी जान बचाने की पड़ी थी, सो उसकी पुकार कौन सुनता? वह बेहोशी की हालत में नीचे गिर पड़ा। कुछ देर बाद उसे अहसास हुआ कि किसी व्यक्ति ने उसे थामा हुआ है और उसे सुरक्षित जगह पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। होश में आने पर ओबरलीन ने देखा कि एक गरीब किसान उसकी सेवा में जुटा हुआ है। ओबरलीन ने किसान से कहा कि वह उसकी सेवा करने के एवज में उसे इनाम देगा। फिर उसने किसान से उसका नाम जानना चाहा। यह सुनकर किसान मुस्कराया और बोला, 'मित्र! बताओ, बाइबिल में कहीं किसी परोपकारी का नाम लिखा है। नहीं न। तो फिर मुझे भी अनाम ही रहने दो। आप भी तो निःस्वार्थ सेवा में विश्वास रखते हो। फिर मुझे इनाम का लालच क्यों दे रहे हो? वैसे भी पुरस्कार का लालच किसी को भी निःस्वार्थ सेवा करने के लिए मजबूर नहीं कर सकता। सेवा की भावना तो हमारे अंदर से उत्पन्न होती है। इसे न ही पैदा किया जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है।' ओबरलीन उस निर्धन किसान की बातें सुनकर दंग रह गया। वह मन ही मन सोचने लगा कि आज उसे इस किसान ने एक पाठ पढ़ाया है। सेवा जैसा भाव तो अनमोल है। उसकी कोई कीमत नहीं लगाई जा सकती और सेवा के लिए कोई भी पुरस्कार अधूरा है। यह किसान कितना महान है जो बिना किसी स्वार्थ के परोपकार करने में विश्वास करता है। आज कितने ऐसे लोग हैं जो इस निर्धन किसान की परोपकार की भावना का मुकाबला कर सकते हैं। ओबरलीन को इस बात के लिए अफसोस हुआ कि उसने किसान को इनाम देने की बात कही। ओबरलीन ने किसान से कहा, 'अगर आपके जैसे इंसान हर जगह हों तो कहीं पर दुराचार शेष नहीं रहेगा।'

## दैनिक पंचांग

**12 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.23 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | मेष | 07.53 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.34 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.32 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.45 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.01 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 18.13 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.24 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.39 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.55 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मकर | 03.00 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.46 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 71 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** त्रयोदशी 09.12 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 04.06 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सुकर्मा 13.00 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 09.12 बजे तदनन्तर गर 21.51 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 03° 18'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872281
**जूलियन दिन** 2460746.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** मासी मागम।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## राशिफल

शुभ संवत 2081, शाके 1946, सौम्य गोष्ठ, फाल्गुन शुक्ल पक्ष, शिशिर ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पश्चिम तिथि त्रियादशी, बुधवासरे, मघा नक्षत्रे, शुक्र योगे, तैतिल करणे, सिंह की चंद्रमा, चर्तुदर्शी व्रत मूल समाप्त रात्रि 3.40 धान्य छेदन तथापि पूर्व दिशा की यात्रा शुभ उत्तम होगी।

### आज जन्म लिए बालक का फल........

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, उत्तम वृत्ति वाला, जिद्दी-हठी, सैनिक, सिपाही, धनीमानी, योगी-भोगी, प्रशासनिक अधिकारी, डॉक्टर, इंजीनियर होगा।




**मेष राशिः** विशेष कार्य स्थगित रखें, अचानक घटना का योग बन सकता है सावधान रहें।
**वृष राशिः** सफलता के साधन जुटायें, अन्यथा आरोप व क्लेश संभव है।
**मिथुन राशिः** अधिकारियों से मेल-मिलाप स्थगित रखें, क्लेश व अशांति का वातावरण बनेगा।
**कर्क राशिः** विरोधी प्रबल होंगे, परेशानी से बचिये, जल्दबाजी से कार्य में हानि हो सकती है।
**सिंह राशिः** भाग्य का सितारा प्रबल होगा, मान-प्रतिष्ठा, सुख के साधनों में वृद्धि होगी।
**कन्या राशिः** कुटुम्ब की समस्यायें सुलझेंगी, धन का व्यय होगा, सुख में वृद्धि होगी।
**तुला राशिः** संतान से सुख एवं सम्पन्नता के योग बनेंगे, मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
**वृश्चिक राशिः** कार्य-कुशलता से संतोष, बिगड़े कार्य बनेंगे, इष्ट मित्रों से परेशानी होगी।
**धनु राशिः** कार्य-व्यवसाय उत्तम, किराना-कपड़ा व्यवसाय अवश्य ही बड़ेगा।
**मकर राशिः** स्त्री कष्ट, समय और धन नष्ट होगा, स्वभाव में बेचैनी अवश्य बनेगी।
**कुंभ राशिः** षड़यंत्र व कष्टप्रद स्थिति सामने आयेगी, कुटुम्ब के लोग पीड़ा पहुंचायेंगे।
**मीन राशिः** धन लाभ, आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा, व्यवसाय की चिन्ता होगी।

पीएल गौतमाचार्य // मोनिका

# कनाडा के नेता ने ट्रंप के टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की दी चेतावनी

**ओंटारियो।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कनाडा से लेकर यूरोप के कई मित्र देशों के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। ट्रंप ने सीधे तौर पर कहा है कि जो देश अमेरिका के प्रोडक्ट पर जितना टैरिफ लगाएगा वह भी उतना ही शुल्क उस देश पर लगाएंगे। ट्रंप ने चीन, कनाडा और मैक्सिको से इंपोर्ट होने वाले उत्पादों पर 25 फीसद टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने कहा कि बढ़ा हुआ शुल्क 2 अप्रैल 2025 से लागू होगा। अमेरिका के ट्रंप सरकार के इस कदम से कनाडा भी भड़का हुआ है। ओंटारियो के पावरफुल नेता डग फोर्ड ने अमेरिका को धमकी दी है। उन्होंने टैरिफ वॉर के मुकाबले एनर्जी वॉर छेड़ने की चेतावनी दी है। कनाडा से जस्टिन ट्रूडो की विदाई के बाद अब मार्क कार्नी ने कनाडा की सत्ता संभाल ली है। इसके साथ ही अमेरिका के साथ जारी तनातनी ने और तल्ख रूप ले लिया है।

फोर्ड ने कहा कि ट्रंप के लिए एक पैमाना बाजार है, जिसमें अब खरबों डॉलर की गिरावट आ चुकी है। उन्होंने कहा कि वह बाजारों को समझते हैं। फोर्ड ने कहा कि आप ट्रंप को पसंद कर सकते हैं या उनसे नफरत कर सकते हैं, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति स्मार्ट व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि अगर कनाडा लकड़ी, एल्युमिनियम, स्टील, पोटाश और यूरेनियम जैसे निर्यात बंद कर देता है, तो अमेरिका के लिए तबाही का रास्ता खुल जाएगा।

उन्होंने अमेरिकियों से अपने राष्ट्रपति पर दबाव डालने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि अगर ट्रम्प अपनी टैरिफ नीतियों के साथ पूरी तरह आगे बढ़ते हैं, तो दोनों देश नीचे की ओर जाएंगे। फोर्ड ने एनर्जी वॉर पर कहा कि कुछ भी संभव है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि अगर वे किसी अमेरिकी राज्य से बिजली खरीद सकते तो वे कनाडा से नहीं खरीदते। इसके अलावा उन्होंने बताया कि वे अपना एनर्जी प्रोडक्शन बढ़ाते रहेंगे, क्योंकि हमें ओंटारियो और पड़ोसियों के लिए इसकी ज़रूरत पड़ने वाली है।

अमेरिका पड़ोसी देश कनाडा से बड़ी मात्रा में इलेक्ट्रिसिटी इंपोर्ट करता है। टैरिफ वॉर के और गंभीर होने की स्थिति में यदि कनाडा की तरफ से एनर्जी वॉर छेड़ दिया तो फिर ऐसे हालात में ट्रंप के लिए डोमेस्टिक लेवल पर समस्याएं बढ़ सकती हैं।

# पोप फ्रांसिस की सेहत में सुधार, जान को कोई खतरा नहीं

**वेटिकन सिटी।** वेटिकन ने बताया कि पोप फ्रांसिस के स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी सेहत में सुधार हो रहा है। वेटिकन ने पोप फ्रांसिस की हेल्थ के बारे में बताया कि 88 वर्षीय पोप फ्रांसिस को जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल सकती है। हालांकि, उनकी स्थिति अभी भी जटिल है।

बयान में कहा गया है कि पिछले दिनों में जो सुधार हुए थे, वे अब और बेहतर हो गए हैं, जैसा कि खून के टेस्ट, डॉक्टर की जांच और दवाइयों के अच्छे असर से साबित हुआ है। डॉक्टरों ने सलाह दी है कि पोप फ्रांसिस अपना इलाज पूरा करने के लिए कुछ और दिनों के लिए चिकित्सा निगरानी में रहें, क्योंकि उनकी स्थिति जटिल है और उन्हें अस्पताल में भर्ती होने के समय गंभीर संक्रमण था। पोप फ्रांसिस की तबीयत में सुधार हो रहा है और वह अपने इलाज के दौरान शारीरिक तथा सांस संबंधी चिकित्सा से गुजर रहे हैं। वे रात में ऑक्सीजन मास्क और दिन में हाई-फ्लो ऑक्सीजन कैनुला का उपयोग करते हैं।

हालांकि, पोप ने अपने प्रवेश के बाद से कोई सार्वजनिक उपस्थिति नहीं दिखाई है, लेकिन वे वीडियो लिंक के माध्यम से वेटिकन की प्रार्थनाओं का पालन करते हैं। पिछले सप्ताह पोप ने एक ऑडियो संदेश भी रिकॉर्ड किया, जिसमें उन्होंने अपने स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना और समर्थन करने वालों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त समाचार

### खाद्य सुरक्षा टीम ने 15 दुकानों का निरीक्षण कर कुल 11 नमूने किए संग्रहित

**महोबा।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ एवं जिलाधिकारी के निर्देशानुसार होली पर्व के दृष्टिगत आम जनमानस को शुद्ध एवं गुणवत्ता युक्त खाद्य एवं पेय पदार्थो को उपलब्ध कराने के क्रम मे मंगलवार को जैतपुर बेलाताल बाजार से घी के एक पनीर के एक क्रीम के एक चरखारी क्षेत्र से बेसन एवं पनीर का नमूना संग्रह किया। नगर पालिका क्षेत्र महोबा से खोया-4, बेसन-1 तथा पुरानी गल्ला मण्डी व अन्य क्षेत्र से सरसों तेल का एक नमूना संग्रह किया गया द्य इस प्रकार कुल 11 नमूना संग्रहित किये गये। आज लगभग 15 दुकानों का निरीक्षण कर कुल 11 नमूने संग्रहित किये गये। मौके पर उपभोगताओ को जाग्रत कर उन्हे शुद्ध गुणवत्ता पूर्ण सामान्य क्रय करने की जानकारी दी गयी टीम का नेतृत्व मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी चन्द्रकान्त वाजपेयी ने किया तथा टीम में अनिल कुमार मिश्र, आर0एल0 कुशवाहा, मनोज कुमार खाद्य सुरक्षा अधिकारी उपस्थित रहें ।

### धर्म गुरुओं व सम्भ्रान्त नागरिकों ने की शान्ति व सद्भाव की अपील

**महोबा।** आगामी 14 मार्च को होली का त्यौहार व रमजान महीने का दूसरा जुमा है। इसी को ध्यान में रखते हुए जनपद महोबा में सभी त्यौहारों के दौरान शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए विभिन्न धर्म गुरुओं ने जनपद वासियों से शान्ति और सद्भाव बनाये रखने की अपील की है।

शहरकाजियों/मुस्लिम धर्मगुरुओं ने अपील की है कि 14 मार्च को जुमें की नमाज के लिए सभी मुस्लिम भाई अपनी नजदीकी मस्जिदों में ही नमाज अदा करें। किसी भी प्रकार की यात्रा से बचें। ताकि, किसी को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो।'' इसी दिन होली का पर्व भी है, एहतियात बरतते हुए सभी की भावनाओं का सम्मान करें।

इसी क्रम में हिन्दु धर्मगुरुओं ने अपील की ही कि 14 मार्च के दिन होली का पर्व आपसी भाई चारे के साथ मनायें, सावधानी रखें, किसी भी बुजुर्ग या वह व्यक्ति जो रंग से परहेज करते हों उन पर रंग न डालें, सहयोग करें यदि कोई नमाजी व बुजुर्ग व्यक्ति पर रंग डालने का प्रयास करता है तो उसको समझाएं व ऐसा करने से रोंके। इनके द्वारा अपील की गयी है कि सभी इस दौरान शान्ति बनाये रखें व त्यौहार में आपसी भाई चारे कायम रखें।

महोबा पुलिस सभी सम्मानित नागरिकगण से अपील करती है कि वो भी अपने क्षेत्र में शान्ति सन्देश और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली, रमजान व ईद त्यौहारों को भाई-चारे और हर्षोल्लास के साथ मिलकर मनायें और अपना यह सन्देश आम जन-मानस तक पहुंचायें। जनपद महोबा पुलिस प्रशासन जनपद में शान्ति बहाल रखने के लिए और शान्ति भंग करने का प्रयास करने वाले व्यक्तियों पर कठोर कार्यवाही करने के लिए कटिबद्ध है ।

### परिवहन कार्यालय से ही वाहन स्वामी के बैंक खाते में भेजी जाएगी सब्सिडी- एआरटीओ

**उरई।** वरिष्ठ-सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशा0/प्रव0) सुरेश कुमार ने बताया कि ई-व्हीकल सब्सिडी जो परिवहन मुख्यालय से वाहन स्वामियों को प्राप्त हो रही है। उक्त प्रक्रिया को शासन द्वारा और आसान कर दिया गया है। इससे वाहन स्वामियों को बड़ी राहत मिलेगी और सब्सिडी के लिये लम्बा इन्तजार नहीं करना पड़ेगा। क्योंकि मुख्यालय से मिलने वाली सब्सिडी अब वाहन स्वामियों को स्थानीय परिवहन कार्यालय से मिलेगी। यह बदलाव परिवहन मुख्यालय से मिलने वाली इलेक्ट्रानिक वाहनों की सब्सिडी वितरण में हो रहे विलम्ब के चलते किया गया है। अब इलेक्ट्रानिक वाहन स्वामियों को स्थानीय परिवहन कार्यालय से ही वाहन स्वामी के बैंक खाते में सब्सिडी भेज दी जाएगी। ई-वाहन खरीदते ही डीलर द्वारा परिवहन कार्यालय में आवेदन भेजा जाएगा और परिवहन कार्यालय द्वारा सत्यापन के बाद सब्सिडी खाते में आ जाएगी।

### नारी तू नारायणी जिसमें राष्ट का सम्मान समाया

**ललितपुर।** नारी तू नारायणी जिसके सम्मान में राष्ट का सम्मान समाया। महिलाए सशक्त एव आत्मनिर्भर बने इसके लिए उन्हें अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का बोध होना जरूरी है तभी महिला सशक्तिकरण की परिकल्पना साकार होगी। उक्त विचार रखते हुए शिक्षाविद जयशंकर प्रसाद द्विवेदी ने राष्ट के प्रति समर्पित महिलाओं के योगदान का जिक्र करते हुए कहा वह हमारे लिए आदर्श हैं।

# सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाईस्कूल में घूम धाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**कुलपहाड़ ( महोबा )।** नगर के सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाई स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम नगर के रामलीला मैदान में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेंद्र सिंह सेंगर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



नगर के अरजरिया मुहाल स्थित सरस्वती ज्ञान मंदिर जूनियर हाईस्कूल का वार्षिकोत्सव रामलीला मैदान में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर सहित वरिष्ठ समाजसेवी राधेलाल यादव, डॉ कमलेश सक्सेना, चैयरमेन वैभव अरजरिया, श्रीप्रकाश अरजरिया द्वारा संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर माल्यार्पण कर किया गया। स्कूल के बच्चों द्वारा स्वागत गीत के साथ विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा %सात समुन्दर पार से पापा घर जल्दी आ जाना, गीत सुनकर उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का हौंसला अफजाई किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एम एल सी जीतेन्द्र सिंह सेंगर ने बच्चों द्वारा किए गए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की तारीफ करते हुए कहा कि इस कला के क्षेत्र में बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए ऐसा प्लेटफार्म मिलने से इन बच्चों को गांव, जिला व प्रदेश का नाम रोशन करने का अवसर प्रदान करते हैं। इसके लिए उन्होंने स्कूल की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ कमलेश सक्सेना ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रमों की पृष्ठभूमि महत्वपूर्ण होती है। बच्चों को प्रशिक्षित करना सराहनीय कार्य है। कहा कि माता-पिता वर्षों तक बच्चों की सेवा करते हैं। लेकिन शिक्षक मेहनत और लगन से उन्हें प्रशिक्षित करता है। चैयरमेन वैभव अरजरिया ने कहा कि सरस्वती ज्ञान मंदिर की संस्थाएं छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ साथ भारती संस्कृति, बौधिक, मानसिक विकास की गति प्रदान करने में अपनी भूमिका निभा रही है।

इस अवसर पर विधालय प्रबंधन द्वारा आए हुए सभी गणमान्य नागरिकों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन योगेश चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी प्रवेंद्र कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम किशोर सोनी, शिवनारायण खरे, समाजसेवी राकेश अरजरिया, श्रीप्रकाश अरजरिया, राधेलाल यादव, इंद्रपाल सिंह यादव, प्रबन्धक डॉ आत्म प्रकाश वर्मा, पूर्व चैयरमेन बाबूलाल अहिरवार आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## कैंप में 102 मरीजों की गई एचआईवी सिफलिश एवं टीवी की जांच




**कुलपहाड़ ( महोबा )।** जिला एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुलपहाड़ में एचआईवी सिफलिश जागरूकता अभियान के तहत मिनी कैंप एवं सौ दिवसीय टीवी खोज अभियान शिविर का आयोजन डॉ अभिमन्यु राजपूत की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा 102 मरीजों की एचआईवी सिफलिश एवं टीवी की जांच की गई। इस अवसर पर टीम द्वारा जांच कराने आए मरीजों को जागरुक करते हुए इन बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। एल टी अवनीश ने बताया कि इस केंप में 102 मरीजों की जांच की गई, जिसमें कोई भी मरीज एचआईवी व टीवी से पीड़ति नहीं पाया गया।

इस मौके पर डॉक्टर अभिमन्यु राजपूत, डॉ सुमित चौरसिया, फार्मासिस्ट वंदना नायक, गिरिराज कश्यप, तहसीन खान, डीपी टीसी रेखा पांडे, एचआईवी काउंसलर फरीद उद्दीन, अवनीश तिवारी एल टी, उमेश सोनी एस टी एस, कमल सिंह एस टी एल एस, रफीक अहमद एल टी मौजूद रहे।

## डी एम की अध्यक्षता में हुई कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक



**महोबा।** जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर, राजस्व कार्यों एवं राजस्व वादों की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कर-करेत्तर से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन के द्वारा निर्धारित करों के लक्ष्यों की पूर्ति करना सुनिश्चित करें। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर वाणिज्य कर, एआरटीओ, खनिज अधिकारी को लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत वसूली करने तथा रजिस्ट्रेशन ब?ाने हेतु निर्देशित किया ।उन्होंने नगर पालिका/नगर पंचायतों को निर्देशित करते हुए कहा लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करें ।जिलाधिकारी नें विद्युत् विभाग को वसूली लक्ष्य के सापेक्ष करने हेतु अभियान चला कर वसूली करने के निर्देश दिए ।इसके अतिरिक्त सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारिओं को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने-अपने विभागों की वसूली शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत कराएं। उन्होंने जिला पंचायत को शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम प्रकाश तथा संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र मिश्रा ने सीतापुर दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिजनो से की मुलाकात

**महोबा।** बीते दिनों सीतापुर महोली के दैनिक जागरण अखबार से पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की 8 मार्च 2025 को गोलियों से भूनकर निर्मम हत्या कर दी गई थी। राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद ने इस घटना की घोर निंदा करते हुए मामले को संज्ञान मे लेकर संबंधित अधिकारियों से बात करके तत्काल कार्रवाई किए जाने की मांग की है और राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र मिश्रा ने महोली पहुंचकर पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के परिजनों से मुलाकात करके शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनो को ढांढस बंधाया और उन्होने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के हत्यारों को सख्त से सख्त सजा दिलाएंगे उन्होने यह भी कहा कि दिवंगत पत्रकार की हत्या का मुवावजा दिलाया जाएगा और उनके परिजनो को सुरक्षा, एक सरकारी नौकरी दिलाई जाएगी वहीं पर राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों को अपनी तरफ से सहयोग राशि भी दी है। इसके बाद अध्यक्ष जी सीतापुर के लिए रवाना हुए कुछ ही दूर रास्ते मे ओवरब्रिज पर घटनास्थल जहां पर राघवेंद्र की हत्या की गई वहीं घटनास्थल पर पहुंचे क्षेत्राधिकारी महोली, क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद, जो इस मामले में जांच अधिकारी है उनसे इस मामले मे










अध्यक्ष जी ने जानकारी ली इसके बाद सीतापुर पहुंचे वहां इसी मामले मे जिलाधिकारी से मिलकर लेटर देते हुए कहा कि पत्रकार राघवेंद्र के हत्यारों को गिरफ्तार करके सख्त धाराओं मे जेल भेजा जाए वहीं जिलाधिकारी ने पूर्ण आश्वासन देते हुए कहा कि राघवेंद्र के हत्यारे जल्द से जल्द गिरफ्त मे होगे और सख़्त से सख़्त कार्यवाई की जाएगी। इस दौरान संगठन से लखनऊ, सीतापुर लखीमपुर, शाहजहांपुर की टीम के सैकड़ों की संख्या मे पत्रकार बंधु अध्यक्ष जी के साथ उपस्थित रहे। गौरतलब है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री देवेंद्र कुमार मिश्रा हर समय हर संभव पत्रकारों के दुख दर्द मे चौबीसों घंटे तत्पर रहते है।

## आउटसोर्स कर्मियों का मुख्यमंत्री ने बढ़ाया मानदेय

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया स्वागत

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश विगत वर्षों से आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय बढ़ाने की कर रही थी मांग

**महोबा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक सप्ताह के अंदर दूसरी बार यह घोषणा किया है कि प्रदेश में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम मानदेय निश्चित किया जाएगा। उन्होंने न्यूनतम मानदेय 18000 करने की घोषणा भी किया है। राज्य कर्मचारी सयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा

के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा का स्वागत करते आशा व्यक्त किया है कि इस पर आदेश शीघ्र हो जाएगा। 1 अप्रैल से आउटसोर्स कर्मियों को बढ़ा हुआ मानदेय दिए जाने की घोषणा सुखद है। आउटसोर्स कर्मियों के चेहरे इस घोषणा से खिल उठे हैं। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय निश्चित करने के लिए विगत 1 वर्ष से लगातार प्रयास किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री से दो बार मुलाकात कर आउटसोर्स कर्मियों के शोषण से अवगत कराया है मुख्यमंत्री ने अब आउटसोर्स कर्मियों को शोषण से मुक्ति दिलाने का सराहनीय निर्णय ले लिया है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश की तरफ से हम मुख्यमंत्री के इस निर्णय का स्वागत करते हुए उनका बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हैं। प्रदेश में लगभग 5 लाख आउटसोर्स कर्मी है। सभी को इसका लाभ मिलेगा। अभी तक आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा मनमाने ढंग से दिया जा रहा था राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने आउटसोर्स कर्मियों के लिए नियमावली बनाने की भी मांग किया था। मुख्यमंत्री जी के चयन प्रक्रिया को पारदर्शी बनाकर निगम की स्थापना करने के निर्णय से आउटसोर्स कर्मियों का शोषण नहीं हो सकेगा। आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय के संबंध में लिए गए ऐतिहासिक निर्णय के लिए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश माननीय मुख्यमंत्री का सम्मान करेगी। इसके लिए के लिए मुख्यमंत्री से समय निर्धारित किए जाने का अनुरोध किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने बजट के बाद 20 फरवरी को भी आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय 16 से 18000 करने की घोषणा पत्रकारों के बीच किया था। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिला अध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक ने अवगत कराया की राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने मुख्यमंत्री का आभार प्रकट करने के लिए उनको पत्र भी भेजा है। हेमंत कुमार पाठक ने बताया कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने यह भी मांग किया है कि प्रदेश की आशा बहुओं को भी 18000 फिक्स मानदेय की परिधि में लाया जाए। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश जनपद महोबा के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार पाठक, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष वैभव मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह, जिला महामंत्री ननकवन तिवारी , जिला उपाध्यक्ष शकील कुरेशी, आसाराम, राम प्रकाश, आशा शुक्ला सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी के निर्णय का स्वागत किया है।

## अपर एस पी के नेतृत्व में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत बलवा ड्रिल का किया गया अभ्यास

**महोबा।** आगामी त्यौहारों के दौरान जनपद महोबा में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में मंगलवार की परेड की सलामी ली गयी। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण कर स्टोर, पुलिस बैरक, मेस, शस्त्रागार, परिवहन शाखा आदि का निरीक्षण करते हुए सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

इसी क्रम में जनपद महोबा में प्रचलित एवं आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया है। इस दौरान पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग और सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। बलवा ड्रिल के अभ्यास के दौरान 10 पुलिस पार्टियों बनायी गयी, पुलिसकर्मियों में से ही बलवाई बने लोगों (भीड़) को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही कराई गयी तथा पुलिसकर्मियों को दंगा नियंत्रण उपकरण रबर बुलेट गन, लाठी चार्ज, अश्रु गैस के गोले, एंटी राइट गन, टीयर गैस गन, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया। बलवा जैसी स्थिति का अनुकरण करते हुए पुलिस पर पत्थर फेंके गए। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए न्यूनतम बल का प्रयोग किया गया।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा ने बताया कि इस ड्रिल का उद्देश्य जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए किया जाता है और संवेदनशील मौकों पर इसका लगातार अभ्यास किया जाता है। इसमें पुलिस को दंगों व दंगाइयों से कैसे निपटा जाए इसको लेकर ड्रिल कराई गई है। इस अभ्यास के माध्यम से पुलिसकर्मियों को विभिन्न विपरीत परिस्थितियों से निपटने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, प्रतिसार निरीक्षक शिवकुमार सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### अनियंत्रित होकर खंदक में गिरी बाइक, चालक की मौत

**माधौगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वोहरा माइनर के पास बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। जिससे बाइक सवार अधेड़ घायल हो गया और उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। माधौगढ कोतवाली क्षेत्र के गांव वोहरा निवासी रामनारायण दोहरे 45 वर्ष माधौगढ़ तहसील में मुंशी का काम करता था। बताया गया कि वह शनिवार की रात बाइक से गांव जा रहा था। तभी गांव के समीप माइनर के पास उसकी बाइक अनियंत्रित होकर खंदक में गिर गई। जिससे वह घायल हो गया। इस दौरान वहां से निकल रहे राहगीरों ने एंबुलेंस से उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिवार के लोग उसे ग्वालियर के प्राइवेट अस्पताल ले गए। जहां पर मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर जैसे ही परिजनों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया।

## सभी दल प्रत्येक बूथ में अपने-अपने बूथ लेविल एजेंट बनाएं- एसडीएम

**कालपी।** 220 कालपी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में मंगलवार को निर्वाचन राष्ट्रीयकरण अधिकारी/उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप तहसील कार्यालय में आयोजित बैठक में उपजिलाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा करते हुए कहा कि राजनीतिक दलों के प्रत्येक बूथ में बूथ लेवल एजेंट बनाएं जो बीएलओ का सहयोग तथा निगरानी रखेंगें। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय, राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों निर्वाचन नामावली के संबंध में समय-समय पर अभिलेख एवं संबंधित बिंदुओं के बारे में अवगत कराया जाता रहेगा। उन्होंने बताया कि 16 मार्च तक बूथ लेवल एजेंट की सूचियां तैयार हो जाएगी। बैठक में तहसीलदार अभिनव कुमार तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष सुबोध द्विवेदी, सपा नगर अध्यक्ष अजीत यादव, बसपा विधानसभा प्रभारी राजेश गौतम सहित कई दलों के प्रतिनिधि के अलावा बीआरसी प्रभारी शशांक कुमार विश्वकर्मा मौजूद रहे।

## हाई स्कूल की बोर्ड परीक्षा में 1165 तो इंटरमीडिएट की परीक्षा में 30 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**ललितपुर।** जनपद में चाक चौबंद पुलिस और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के बीच हाई स्कूल इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं संपन्न हो रही हैं। इन परीक्षाओं की पल-पल की गतिविधियों पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी अपनी नजर रखे हुए हैं। इसके साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से नकल विहीन परीक्षा संपन्न करने के उद्देश्य से परीक्षा कक्षा में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी में परीक्षाएं कराई जा रही हैं। सोमवार को संपन्न हुई हाई स्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में कुल मिलाकर 1195 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे, जिनमे से हाई स्कूल की परीक्षा में 1165 परीक्षार्थी एवं इंटरमीडिएट की परीक्षा में 30 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

मंगलबार को प्रथम पाली में हाई स्कूल की परीक्षा में सामाजिक विज्ञान का पेपर संपन्न हुआ, जिसमें पंजीकृत 18901 परीक्षार्थियों में से 17736 परीक्षार्थी उपस्थित रहे एवं 1165 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तो वहीं प्रथम पाली में इंटरमीडिएट की व्यबसायिक विषय का पेपर संपन्न हुआ, जिसमें 257 परीक्षार्थियों में से 252 परीक्षार्थी ही परीक्षा में बैठे और 5 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तो वहीं दूसरी पाली की परीक्षा में इंटरमीडिएट के तीन विषयों की परीक्षा संपन्न हुई।

» न्यूज कैप्सूल »

## हदबंदी की पत्थर बाड़ी उखाकर खेत पर अवैध कब्जा करने का आरोप

**ललितपुर।** थाना जाखलौन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमउखेड़ा में स्थिति ग्रामीण के खेत का विवाद होने के कारण उसने राजस्व विभाग से अपने खेत की हदबंदी कर ली थी। लेकिन यह हदबंदी विपक्षियों को रास नहीं आई और उन्होंने पत्थर बाड़ी को तोड़फोड़ कर किसान का नुकसान करते हुए दबंगई के बल पर उसके खेत पर अवैध रूप से कब्जा जमा लिया। जिसके परिपेक्ष में किसान ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर तीन विपक्षियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

ग्राम बम्होंरी पठार निवासी शंकर सिंह पुत्र जयराम सिंह ने थाना जाखलौन पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि इसकी खेती किसानी की जमीन थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमउखेड़ा में है, जहां वह खेती किसानी कर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। लेकिन उसकी इस जमीन पर गांव में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के विपक्षी मज्जू पुत्र हुकुम सिँह आदि आए दिन विवाद करते रहते थे, जिस कारण उसने राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मौजूदगी में अपने खेत की हदबंदी कराकर उसमें पत्थर की बाड़ लगवा दी थी। विपक्षियों को राजस्व विभाग की हदबंदी रास नहीं आई और उन्होंने दबंगई दिखाते हुए दिनांक 18 फरवरी 2025 को दोपहर 12ः00 खेत पर बनी पत्थर की बाड़ को तोड़फोड़ कर उखाड़ कर फेंक दिया जिससे उसका नुकसान हो गया। इसके बाद दबंगई दिखाते हुए विपक्षी मज्जू ने अपने दो दबंग साथियों के बल पर उसके खेत पर कब्जा जमा लिया। थाना जाखलौन पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर फिर किस द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी आरोपियों के खिलाफ 329(3), 326ई धाराओं में मामला पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ कर दी है।

## बेखौफ दबंगों ने विपक्षियों को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मोहम्मद मुस्ताक लगातार जनपद की पुलिस व्यवस्था को मुस्तैद करने में लगे हुए हैं और लोगों को सुरक्षा का भरोसा भी दिला रहे हैं। लेकिन जनपद में बेड़ौड़ दबंग का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा। आजकल सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि दबंग किस तरह लोगों के साथ मारपीट करते हैं और लाठी डंडों के बल पर पीड़ितों को दौड़ा-दौड़ा कर अपने ड़ौड़ का आतंक फैलाने में लगे हुए हैं। हाल ही में सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला गांधीनगर नई बस्ती एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि बेड़ौड़ दबंग किस तरह मोहल्ले में आतंक का पर्याय बने हुए हैं, जो कानून को अपने हाथों में लेकर विपक्षी को सरेआम लाठी डंडों के बल पर दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे हैं। हालांकि मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिस मामले की कार्यवाही में जुट गई है।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को सोशल मीडिया के व्हाट्सएप इंस्टाग्राम और फेसबुक प्लेटफार्म पर एक वीडियो वायरल हुआ, जो शहर के मोहल्ला नई बस्ती गांधीनगर का बताया जा रहा था। इस वायरल वीडियो में कुछ बेखौफ दबंग विपक्षी को मोहल्ले की गलियों में लाठी डंडों के बल पर दौड़ा-दौड़ा कर मारपीट करते नजर आ रहे थे। जब इस मामले की पड़ताल की गई, तो पता चला कि शहर के क्षेत्रफल मंदिर के पीछे रहने वाले कमलेश कुशवाहा पुत्र रमेश कुशवाहा का सोमबार को मोहल्ले में ही रहने वाले दबंग प्रवृत्ति के मनीष पुत्र रामसेवक आदि से हो गया था। जिसके चलते दोनों के बीच जमकर कहासुनी हुई। इस कहासुनी से आक्रोशित मनीष ने अपने दो नामजद व दो अज्ञात साथियों की बल पर कमलेश कुशवाहा के घर पर लाठी डंड़ों को लेकर अचानक हमला बोल दिया और मोहल्ले में अपना वर्चस्व कायम रखने के उद्देश्य से विपक्षी और उसके परिजनों को मोहल्ले की गलियों में दौड़ा-दौड़ा कर जमकर पीटा।

## सीतापुर में पत्रकार की हत्या पर प्रेस क्लब ने जताया आक्रोश

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला सीतापुर में दैनिक जागरण के रिपोर्टर की हत्या के मामले को लेकर प्रेस क्लब (रजि.) ने आक्रोश व्यक्त किया है। इस दौरान प्रेस क्लब (रजि.) ने लामबंद होकर जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित एक ज्ञापन भेजा है। ज्ञापन में बताया कि सीतापुर में विगत शनिवार को सरेआम शाम 4 बजे दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेन्द्र बजपेयी की कुछ अज्ञात बदमाशों द्वारा हत्या कर दी गयी थी। जो उत्तर प्रदेश शासन और सरकार की सुदृढ़ व्यवस्था के लिए चुनौती है। कहा कि सम्पूर्ण उ.प्र. में घटित उक्त घटना की पत्रकारों व पत्रकार संगठनों में तीव्र आक्रोश है। प्रेस क्लब (रजि.) ललितपुर इस हृदय विदारक घटना की कठोर शब्दों में निदा के साथ अपराध में लिप्त बदमाशों की गिरफ्तारी एवं पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाये जाने व उत्तर प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने की उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग करता है। बताया गया कि जनपद ललितपुर में भी पत्रकारों के विरूद्ध गम्भीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किए जा रहे हैं जिसकी निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने की मांग उठायी गयी। इस दौरान संरक्षक मण्डल सदस्य मंजीत सिंह सलूजा, प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले सप्पू, महामंत्री अमित सोनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय जैन कल्लू, पूर्व महामंत्री मो.नसीम, अजित भारती, अजय बरया, दिनेश संज्ञा, संदीप शर्मा, सर्वदेव तिवारी, बलराम पचौरी, अभय श्रीमाली, अनूप मोदी, बृजेश पंथ, विनोद राज सेन, जयेश बादल, सुरेन्द्र सपेरा, प्रमोद गोस्वामी के अलावा अनेकों पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# तीर्थ यात्रियों से भरी अनियंत्रित स्लीपर बस आगे जा रहे टैंकर से टकराई, यात्रियों में मची चीख पुकार

### पुलिस ने सभी घायलों को नजदीक एम्बुलेंस से जिला अस्पताल में कराया भर्ती

### बस नेपाल से तीर्थ यात्रियों को लेकर बेंगलुरु जाते हुई सड़क हादसे का शिकार





**ललितपुर।** झांसी नेशनल हाईवे 44 पर थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत कस्बा बांसी हाईवे पर तेज रफ्तार से जा रही तीर्थ यात्रियों से भरी एक अनियंत्रित स्लीपर बस आगे जा रहे पानी के टैंकर में टकरा गई और दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस सड़क हादसे में बस में सवार करीब एक दर्जन तीर्थ यात्री घायल हुए। आनन ड़ानन में स्थानीय पुलिस द्वारा राहत और बचाव कार्य करते हुए सभी घायलों को 108 एंबुलेंस के माध्यम से तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां मामूली रूप से चोटिलों को घर जाने की इजाजत दी गई और कुछ गंभीर घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। इसके साथ ही गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार स्लीपर बस क्रमांक यूपी 31/टी 9477 नेपाल से चलकर बैंगलुरु की तरफ जा रही थी बताया गया है कि इस दौरान बस में करीब 40 तीर्थ यात्री सवार थे। मंगलवार को बस जैसे ही जनपद की सीमा से गुजरती हुई थाना जखौरा क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस चौकी बांसी क्षेत्र से गुजरने वाली नेशनल हाईवे 44 से गुजर रही थी, तभी वह सड़क हादसे का शिकार हो गई। बताया गया है कि तेज गति से भागती हुई बस जा रही थी और उसके आगे एक ट्रक जा रहा था। इसी दौरान इस तरफ हाईवे के बीच में बने हुए डिवाइडर पर लगे हुए पेड़ों में पानी देने के लिए एक टैंकर क्रमांक यूपी 93 ई 8109 चल रहा था। क्योंकि आगे जा रहे ट्रक के कारण बस चालक को धीमी गति से चल रहा टैंकर दिखाई नहीं दिया जैसे ही आगे जा रहा ट्रक चालक अपनी लाइन से हटकर दूसरी लाइन में पहुंच वैसे ही बस चालक के सामने अचानक धीमी गति से जा रहा टैंकर आ गया और इसी हड़बड़ाहट में बस ड्राइवर का बस से नियंत्रण हट गया तथा तेज रफ्तार अनियंत्रित बस पीछे से टैंकर से जा टकराई। बस और टैंकर के बीच भिड़ंत होते ही यात्रियों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान पास में ही स्थित पुलिस चौकी से पुलिस कर्मचारी दौड़कर आए और स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को 108 एंबुलेंस बुलाकर तत्काल इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिजवाया जहां मामूली रूप से चोटिल घायलों को उपचार के बाद घर जाने की इजाजत दी गई। इसके साथ ही एक महिला सहित तीन घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कर लिया और गंभीर रूप से घायल दंपत्ति को उनकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जहां उनका इलाज चल रहा है।

### सड़क हादसे में यह हुए घायल

हाईवे पर हुए सड़क हादसे में घायल हुए तीर्थ यात्रियों में नेपाल निवासी 34 बर्षीय विनोद पुत्र धन सिंह, 42 बर्षीय नंदराज जोशी पूत्र लक्ष्मन राज जोशी, 33 बर्षीय दत्तराज जोशी पुत्र गजाधर, 55 बर्षीय प्रेम पांडेय पुत्र टीकाराम, 32 बर्षीय, करन पुत्र सुला, 32 बर्षीय गंगा पत्नी बीरन, 49 बर्षीय अग्निराज पुत्र शंकर और 45 बर्षीय धोना देवी पत्नी अग्निराज शामिल है। इस दौरान सभी गंभीर रूप से घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में चल रहा है। इसके साथ ही दम्पत्ति अग्निराज व धोना देवी को उनकी गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है जहां उनका इलाज चल रहा है।

# अरबों का वित्तीय घोटाला करने वाली फर्जी चिटफंड कंपनी एलयूसीसी मामले में पुलिस की बड़ी कार्यवाही

### दो दर्जन से अधिक पर वित्तीय घोटाले करने का मामला दर्ज

**ललितपुर।** जनपद के साथ-साथ उत्तर प्रदेश मध्य प्रदेश राजस्थान सहित कई अन्य प्रातों में फर्जी चिटफंड कंपनी एलयूसीसी के खिलाफ अरबों का वित्तीय घोटाला करने पर मामले पंजीकृत हो चुके हैं। इसी क्रम में बोले शादी छक्के निर्देश पर जनपद के दो दर्जन से अधिक वित्तीय घोटाला करने वाले शातिर अभियुक्ततों पर एक बार फिर कार्यवाही की गई है बताया गया है कि सभी अभिव्यक्तियों के खिलाफ सदर कोतवाली में मामला पंजीकृत किया गया है और जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे भेजे जा सकते हैं। इस बड़ी कार्यवाही से एक बार फिर आर्थिक अपराध करने वालों में हड़कंप जैसी स्थिति देखी जा रही है। हाल ही में एक महिला की शिकायत पर सदर कोतवाली पुलिस ने 26 अभियुक्तों पर मामला पंजीकृत किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिरधा निवासी रेखा पत्नी राकेश वंशकार ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया कि पूर्व वर्ती समय वर्ष 2019 में कस्बा विरधा में शायरी इलाके में रहने वाले सतीश चंद्र जैन द्वारा एलयुसीसी नामक कंपनी का संचालन किया जा रहा था। इस कंपनी मे सतीश जैन के अलावा आलोक जैन, रवि शंकर तिवारी, सुरेंद्र पाल सिंह, शैली बजाज, रवि शंकर तिवारी, विनोद तिवारी, राहुल तिवारी, शवाब रिजवी, हरदेव पटेल, महेश प्रसाद रजक, रिजवान, मुकेश जैन, नीरज जैन, द्वारिका झा, जगत सिंह, अशोक कुमार अहिरवार, मानसिंह अहिरवार,आलोक पाठक, जमाल अहमद खान आदि ने कस्बे में एक मीटिंग की और अपनी एलयूसीसी कंपनी में अपना पैसा लगाकर मुनाफा कमाने के सपने दिखाए। इसके साथ ही उक्त सभी लोगों ने उन्हें कंपनी के मुखिया समीर अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, आर के शेट्टी, संजय मुद्गल, श्रेयस तलपड़े, परीक्षित पारसे आदि से भी मिलवाया। इस दौरान सभी तथाकथित लोगों ने शहरी इलाके में एटीएम मशीन को भी संचालित कराया था, जिसमें पैसे के लेनदेन का हवाला भी दिया गया था। उक्त सभी लोगों ने जब उन्हें बड़े-बड़े सपने दिखाए और इनाम में बड़ी-बड़ी गाड़ियां बंगले आदि मिलने के सपने दिखाए तब उन्होंने उनकी कंपनी में अपना पैसा एफड़ी आरडी लगा दिया। लेकिन समय अवधि पूरी होने के बाद भी उनका भुगतान नहीं किया गया बल्कि उन्हें समय देकर टालमटोल करते रहे। काफी समय बीतने के बाद जब उनका पैसा वापस नहीं मिला तब उन्हें एहसास हुआ कि वह धोखाधड़ी और ठगी का शिकार हुए हैं उक्त कंपनी बंद हो चुकी है और उनका पैसा मिलना संभव नहीं है। सदर कोतवाली पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर पीड़िता द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के आधार पर सभी नमाजद 26 आरोपियों के खिलाफ 111, 318(4), 336(3), 340(2), 61(2), 352, 351(3) धाराओं में मामला पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

# मालगाड़ी स्टेबल करते समय अन्य ट्रेन की चपेट में आने से सीनियर गार्ड की हुई मौत

### दूसरी ट्रेन से झांसी के लिए भेजा, डॉक्टरी परीक्षण में किया मृतक घोषित



**ललितपुर।** झांसी मंडल के जखौरा रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक दर्दनाक रेल हादसा हो गया, जिसमें सीनियर गुड्स गार्ड देवेंद्र कुमार की जान चली गई। हादसा उस समय हुआ, जब वह मालगाड़ी को स्टेबल कर रहे थे, तभी थ्रू जा रही पायथन मालगाड़ी अचानक आ गई और वह उसकी चपेट में आ गए। इस दौरान उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उन्हें तत्काल झांसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृतक घोषित कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार देवेंद्र कुमार सोमबार की सुबह 7 बजे झांसी से मालगाड़ी लेकर निकले थे। मालगाड़ी जैसे ही जनपद के जखौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंची तभी उसे रोक दिया गया। क्योंकि मालगाड़ी को जखौरा रेलवे स्टेशन पर स्टेबल किया जाना था। किंतु खेद जनक यह रहा कि उक्त मालगाड़ी को स्टेबल करते समय उनकी मदद के लिए स्टेशन पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था जिसके कारण देवेंद्र कुमार संरक्षा विहीन घटना की शिकार हो गए और अपनी जान गवा बैठे। हलक इस दौरान वहां से निकल रही महाकाल ट्रेन को रोका गया और अन्य कर्मचारी तत्काल उन्हें लेकर झांसी पहुंचे, जहां मंडलीय रेलवे अस्पताल में डाक्टरी परीक्षण के दौरान उन्हें मृतक घोषित किया गया। इस घटना की सूचना मिलते ही ट्रेन मैनेजर व कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि वहां पहुंचे इसके अलावा एडीआरएम बस सीनियर डॉन अन्य कर्मचारियों के साथ अस्पताल पहुंचे जहां उन्होंने घटना के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस घटना की जानकारी जैसे ही कर्मचारी के परिजनों को मिली तो उनके घर में कोहराम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस दुखद घटना के बाद रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

# एंटी करप्शन टीम की छापामार कार्यवाही में घूसखोर पकड़ा

### कृषि विभाग के बाबू को दस हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार, मामला दर्ज

### अधिकारी के कहने पर रिटायर्ड विभागीय कर्मचारी का जीएफ फंड निकालने के लिए ले रहा था रिश्वत



**ललितपुर।** जहाँ एक ओर प्रदेश के मुखिया भ्र्ष्टाचार मुक्त प्रशासन देने का लगातार दावा कर रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर जनपद में तैनात सरकार के अधीन सरकारी कर्मचारी लगातार रिश्वतखोरी में डूबे हुए है, जिसके कई उदाहरण जनपद के चकबंदी विभागा सिचाई विभाड़ बैंक आदि में इसके पहले मिल चुके है। हाल ही में एक बार फिर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने जनपद के कृषि विभाड़ में छापामार कार्यवाही करते हुए इस कर्मचारी को रंगे हाथों रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। इसके बाद घूसखोर कर्मचारी को सदर कोतवाली लाकर कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए उस पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला भी दर्ज कराया गया। जनपद में इसके पहले भी एंटी करप्शन की टीम सिंचाई विभाग के चकबंदी लेखपाल सहित कई लोगों को रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार कर चुकी है।

जनपद में तैनात कई विभागों के अधिकारी कर्मचारी योगी सरकार की मंशा के अनुरूप भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देने में अक्षम दिखाई दे रहे हैं, जबकि भ्रष्टाचार पर एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम लगातार प्रहार कर रही है और घूसखोरी अधिकारी कर्मचारियों को गिरफ्तार भी कर रही है, इसके बावजूद जनपद में पहले भ्रष्टाचार पर लगाम नहीं लग पा रही है। जनपद में एक और भ्रष्टाचार का मामला जिला कृषि विभाग में उस समय उजागर हुआ, जब एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए सिंचाई विभाग में तैनात लिपिक हरगोविंद पुत्र अनंत राम को 10,000 रुपयों की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। बताया गया है कि उक्त लिपिक हाल ही में इसी विभाग महरौनी के कृषि विभाग के कार्यालय में उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी के पद से रिटायर्ड हुए अशोक कुमार शुक्ला पुत्र रामस्वरूप शुक्ला निवासी टीकमगढ़ से अपने उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी सोनू मंगल के कहने पर उनका जीपीएफ फंड निकालने के नाम पर रिश्वत ले रहा था। बताया गया है कि अधिकारियों की रिश्वतखोरी से परेशान रिटायर्ड अधिकारी 31 मई 2024 को अपने ही विभाग से सेवानिवृत हुए थे। बताया गया है कि सोनू मंगल नामक अधिकारी उनके जीपीएफ खाते का भुगतान करने के लिए 20,000 रुपयों की रिश्वत की मांग कर रहा था, जिसमें पहले 10,000 रूपये देने थे और भुगतान के बाद शेष रकम देने थे। विभागीय अधिकारियों की प्रताड़ना से तांग आकर उन्होंने एंटी करप्शन ब्यूरो झांसी से इस मामले की शिकायत की थी और शिकायतकर्ता द्वारा मांगे गये पैसों की रिकॉर्डिंग भी कर ली थी। पीड़ति अधिकारियों को रिश्वत नहीं देना चाहता था, इसीलिए उसने शिकायत कर घूसखोरों को रंगे हाथों पकड़वाने का काम किया। घूसखोरी कर्मचारी को उसके ही कार्यालय में एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया। भ्रष्टाचार निवारण संगठन झांसी इकाई की टीम में निरीक्षक शादाब खान, ठाकुरदास, सूर्य प्रताप सिंह, आरिफ, इरशाद खान, राहुल कुशवाहा, ओंकार सिंह,, शिवम गुप्ता, शिवम कुमार द्विवेदी,, राहुल उपाध्याय एवं शंकर लाल शामिल रहे। इस दौरान आरोपी के खिलाफ सदर कोतवाली पुलिस ने 7 भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया है।

### इसके पहले कई विभागों के कर्मचारी चड़ चुके है एंटी करप्शन के हत्थे

जनपद में रिश्वतखोरी का यह कोई पहला मामला नहीं है इसके पहले भी कई ऐसे मामले संज्ञान में आए हैं, जिनमें घूसखोर कर्मचारियों को एंटी करप्शन की टीम ने गिरफ्तार किया है। रिश्वत के आरोप में एंटी करप्शन टीम द्वारा पकड़े गए कर्मचारियों में बैंक ऑफ़ बड़ौदा का ब्रांच मैनेजर, चकबंदी कार्यालय में तैनात चकबंदी लेखपाल एवं सिंचाई विभाग में तैनात जिलेदार शामिल है।

### क्या कहता है पीड़ित रिटायर्ड कर्मचारी

इस मामले में पीड़ित अशोक कुमार शुक्ला ने बताया कि वह कृषि विभाग से रिटायर हुए थे और अपना जीपीएफ फंड निकालने के लिए जब इस सीट पर बैठे हुये अधिकारी के पास पहुंचे तो उन्होंने उनका जीपीएफ फंड निकालने के नाम पर 2,0000 की रिश्वत की मांग की। लेकिन वह अपनी गाड़ी मेहनत की कमाई के फंड के लिए रिश्वत नहीं देना चाहते थे जब अधिनियम सरकारी ने उन्हें काफी परेशान किया तब उन्होंने इस मामले की शिकायत झांसी एंटी करप्शन ब्यूरो से की थी जिसके बाद उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

# प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम का राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में हुआ वृहद शुभारंभ

### अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन कर किया माल्यार्पण

**ललितपुर।** प्रमुख सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में वित्तीय वर्ष 2024-25 से उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित प्रोजेक्ट प्रवीण कार्यक्रम का वृहद शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण कर जनपद के राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, तालबेहट में किया गया ।कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि अध्यक्ष, नगर पंचायत, तालबेहट के द्वारा विद्यार्थियों का उक्त योजना के अन्तर्गत मार्गदर्शन किया गया तथा नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक, रा0औ0प्र0सं0, ललितपुर व काउन्सलर/एम0आई0एस0 मैनेजर, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, ललितपुर के द्वारा प्रोजेक्ट प्रवीण योजना के साथ-साथ विभागीय योजनाओं की जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि पुनीत सिंह परिहार, अध्यक्ष, नगर पंचायत, तालबेहट, रमेश चन्द्र, नोडल प्रधानाचार्य/जिला समन्वयक, रा0औ0प्र0सं0, आरिफ खांन, काउन्सलर/एम0आई0एस0 मैनेजर, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, राकेश कुमार गौतम, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, श्रीमती अफाकजहाँ, प्रभारी प्रधानाचार्या, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज, तालबेहट के साथ प्रशिक्षण प्रदाता के प्रतिनिधि व समस्त अभ्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# रंगरेलियां मनाते प्रेमी प्रेमिका के वीडियो वायरल होने के बाद चेती महिला पुलिस

### एंटी रोमियो की छापामार कार्रवाई में मां कर्मा बाई पार्क से पांच युवतियों व चार युवकों को पकड़ा

**ललितपुर।** ओपन जिम पार्क के रूप में जाने जाना वाला शहर का इकलौता मां कर्मा वाई पार्क आजकल अय्याशी का अड्डा बनता जा रहा है। जिसका जीता जागता नमूना उस समय देखने को मिला, जब इसी पार्क में एक युगल प्रेमी रंगरेलियां मना रहे थे, तभी उनका किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। रंगरेलियां मनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही महिला थाना पुलिस की नींद टूटी और एंटी रोमियो टीम ने पार्क में छापा मार कार्रवाई की , जिसके परिपेक्ष में पार्क से पांच युवतियों और चार युवकों को धर दबोचा। एंटी रोमियो की छापामार कार्रवाई की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप जैसी स्थिति देखी गई।

सोमवार की शाम सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक प्रेमी जोड़ा पार्क में बैठकर रंगरेलियां मनाते हुए दिखाई दे रहा था इस मामले की जब हड़ताल की गई, तब पता चला कि यह वीडियो शहर के ओपन जिम पार्क के रूप में जाने जाना वाले मां कर्मा भाई पार्क का है जहां प्रेमी युगल अय्याशी करते हुए नजर आ रहे हैं। जब यह बीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, बैसे ही महिला थाना पुलिस की नींद टूटी और पार्क में एंटी रोमियो पुलिस टीम व महिला थाना पुलिस टीम ने छापे मार कार्यवाही करते हुए चार पेमी जोड़ों को पकड़ा है। इस दौरान पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए पार्क से पांच युवतियां चार युवकों को पकड़ा गया है।

# बुंदेलखंड विकास के साथ अब नई पहचान की ओर अग्रसर हैः योगी आदित्यनाथ















## झांसी व चित्रकूट धाम मण्डल के 1070 लाभार्थियों को 40.12 करोड़ का किया ऋण वितरण

## स्मार्ट हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेन्टर को किया जनता के सुपुर्द, मिलेगी किफायती सेवाएं

## बूंद-बूंद पानी को तरसता था बुंदेलखंड, अब हर घर नल से जल और खेतों को मिल रहा पानी

**झांसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवा शक्ति को सशक्त करने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम-युवा) के तहत झांसी और चित्रकूटधाम मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के 1070 लाभार्थियों को 40.12 करोड़ रु0 ऋण वितरण किया और सीएम युवा योजना से संबंधित प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए बुंदेलखंड की प्रगति और प्रदेश के बदलते स्वरूप को लेकर सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने महाकुंभ की सफलता पर प्रदेशवासियों को बधाई दी और युवाओं के आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश भी अपनी पूरी सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। आने वाले समय में बुंदेलखंड की ताकत का एहसास पूरी दुनिया करेगी।

उन्होंने युवा उद्यमी अभियान पर बोलते हुए कहा कि इसका उद्देश्य युवाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड में 1070 युवाओं को इस योजना के तहत ब्याज और गारंटी मुक्त 05 लाख रुपये का ऋण वितरित किया गया, जिसमें 10% मार्जिन मनी अनुदान के रूप में दी गई। उन्होंने कहा कि कोई भी युवा जो पूंजी के अभाव में कारोबार शुरू नहीं कर पा रहा, उसके लिए यह योजना वरदान है। उन्होंने कहा कि ईमानदारी और धैर्य से काम करने वाले ये युवा अगली बार 10 लाख रुपये क्रेडिट के साथ आएंगे और कुछ ही वर्षों में लखपति से करोड़पति बन सकते हैं। उन्होंने युवाओं को बिजनेस में नवाचार और टेक्नोलॉजी के उपयोग की सलाह दी। महाकुंभ के उदाहरण से प्रेरित होकर उन्होंने बताया कि वहां युवाओं ने बाइक से पैसेंजर ढोकर अतिरिक्त आय कमाई। सीएम युवा योजना अंतर्गत आयोजित प्रदर्शनी में युवाओं के नवाचारों को देखकर उन्होंने कहा कि यह योजना नई संभावनाएं खोल रही है। उन्होंने कहा कि 24 जनवरी से 31 मार्च के बीच 01 लाख युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य रखा, जिसमें 02.70 लाख आवेदन मिले और 30 हजार युवाओं को ऋण मिल चुका है। दिनांक 25 मार्च को सरकार के 08 साल पूरे होने पर हर जनपद में 1000 युवाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई नीति की चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में 96 लाख एमएसएमई यूनिट हैं, जो करोड़ों लोगों को रोजगार देती हैं। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने प्रदेश को पिछड़ा और माफिया प्रभावित बनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी लेकिन आज यह देश का ग्रोथ इंजन बन गया है। बुंदेलखंड में डकैतों और माफियाओं से मुक्ति दिलाने के बाद अब बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, डिफेंस कॉरिडोर और बीडा (बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण) जैसे कदम उठाए गए हैं। 56 हजार एकड़ में बनने वाला यह देश का सबसे बड़ा औद्योगिक नगर झांसी-कानपुर के बीच आर्थिक क्रांति लाएगा।

ऋण वितरण कार्यक्रम में योगी आदित्यनाथ ने फार्मा पार्क, मेडिकल कॉलेज, कन्वेंशन सेंटर और हर घर नल योजना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का विस्तार किया जाएगा और ललितपुर में 1500 एकड़ जमीन पर फार्मा पार्क का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। ललितपुर में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पहले ही पूरा हो चुका है। झांसी में जल्द ही एक आधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनाया जाएगा, जहां 2000 से 4000 लोगों की क्षमता वाले सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित हो सकेंगे। इस सेंटर में प्रदर्शनियां, शादी-विवाह, इन्वेस्टर मीट जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि 08 साल पहले बुंदेलखंड पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसता था, लेकिन अब हर घर नल योजना अपने अंतिम चरण में है, शीघ्र ही हर घर में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने आगे बताया कि केंन-बेतवा परियोजना के जरिए हर खेत को पानी पहुंचाने की दिशा में भी कार्य तेजी से चल रहा है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड अपने पुराने गौरव को फिर से हासिल करने के लिए तैयार है। उन्होंने माफिया और दंगाइयों से मुक्त बुंदेलखंड की प्रशंसा करते हुए लोगों से अपील की, कि ऐसे तत्वों को दोबारा पनपने न दें, ताकि आने वाली पीढ़ी को कोई शिकायत न हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार गरीबों, व्यापारियों और बेटियों की सुरक्षा के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है।

इस अवसर पर राकेश सचान मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग रेशम उद्योग, हतकरधा एवं वस्त्रोद्योग उत्तर प्रदेश, स्वतंत्र देव सिंह मंत्री जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण उत्तर प्रदेश, कुंवर मानवेन्द्र सिंह सभापति विधान परिषद उत्तर प्रदेश, झांसी- ललितपुर सांसद अनुराग शर्मा, मेयर बिहारी लाल आर्य, अध्यक्ष जिला पंचायत पवन गौतम, विधायक सदर रवि शर्मा, विधायक बबीना राजीव सिंह पारीछा, विधायक डॉ रश्मि आर्य, विधायक गरोठा जवाहर लाल राजपूत, विधान परिषद सदस्य बाबूलाल तिवारी,विधान परिषद सदस्य रामतीर्थ सिंघल, विधान परिषद सदस्य श्रीमती रामा निरंजन समेत विशेष रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा प्रकाश पाल, जिला अध्यक्ष अशोक गिरी, महानगर अध्यक्ष हेमन्त परिहार सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम में के. विजयेंद्र पांडियन आयुक्त एवं निदेशक उद्योग,उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन निदेशालय, उप्र कानपुर, मण्डलायुक्त बिमल कुमार दुबे, डीआईजी के के चौधरी, जिला अधिकारी अविनाश कुमार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुधा सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जुनैद अहमद सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# दहेज मुक्ति भारत की रैली निकालकर किया शिविर का समापन

**झांसी।** विलेज बालिका महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा आयोजित विशेष शिविर के अंतर्गत सात दिवसीय शिविर का समापन नशा मुक्ति भारत एवं दहेज मुक्ति भारत की रैली निकालकर किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिजौली सब इंस्पेक्टर वीरेंद्र सिंह एवं रामगोपाल निरंजन (निदेशक विलेज ग्रुप) मौजूद रहे।

समारोह का प्रारम्भ कुलगीत और राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यगीत से हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक बीपी सिंह द्वारा अतिथियों का बैज अलंकरण किया गया एवं सम्मान के रूप में पौधा भेंट किया गया।

इस अवसर पर सुश्री पुष्पा यादव ने समस्त स्वयं सेविकाओं से स्वच्छता अभियान निरंन्तर जारी रखने की अपील की। महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी हरिओम ने सातों दिन के कार्यक्रम का विवरण प्रस्तुत किया। शिविर के अंतर्गत महाविद्यालय की स्वयंसेवियों ने स्वच्छता, नशा उन्मूलन, दहेज प्रथा, वृक्षारोपण, योग, स्वास्थ्य जागरूकता जैसे अनेक कार्यक्रमों में आयोजित विभिन्न गतिविधियों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम संचालन में प्रथम ईकाई की स्वयंसेविकाओं में आस्था निरंजन, कुमकुम नामदेव, स्नेहा सेन, रूबी अहिरवार के विशेष सहयोग के लिए मुख्य अतिथि द्वारा सभी को सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम संमन्वयक मनीष निरंजन ने सभी का आभार व्यक्त किया एवं स्वयंसेविकाओं को शुभकामनाएं दी।

# शान्ति एवं सौहार्द से मनाएं होली व रमजानः एसओ बबीना

**झांसी।** भेल पुलिस चौकी में, शान्ति समिति की बैठक थाना प्रभारी बबीना निरीक्षक संतोष कुमार अवस्थी के मुख्य आतिथ्य में, एवं चौकी प्रभारी भेल दिनेश कुमार गिरि की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

थाना प्रभारी निरीक्षक ने आगामी होली एवं रमजान का पर्व शासन व प्रशासन की गाइड लाइन के अनुसार मनाने, अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, अफवाह फैलाने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की सूचना पुलिस को देने, शराब की दुकानें बंद रखने, डी जे पर प्रतिबंध रखने की अपील की। इस दौरान उन्होंने होलिका दहन के स्थानों की जानकारी लेते हुए, चिन्हित स्थानों पर ही होलिका दहन करने की, एवं होली व रमजान पर कोई नई परम्परा शुरू नहीं करने की बात कही।

इस अवसर पर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष प्रताप सिंह बुंदेला, संरक्षक अमित सोनी, युवा अध्यक्ष विक्की पारस, सोनू अहिरवार, कोमल सिंह अहिरवार, ब्रजमोहन जतारिया, संतोष कुमार पचौरी, हरिमोहन पुजारी, आशुतोष दुबे, सुनील राजपूत, अरविन्द तिवारी, राकेश शर्मा, महेंद्र गुप्ता, शशिकांत शोत्रिय, हर्ष राजपूत, हरीश चौधरी, राजेश तिवारी, देवकी नंदन, राकेश गुप्ता, के के सिंह, मानवेंद्र सिंह चौहान, वीरेंद्र सिंह चौहान, अजय पाल, अमर पाल, नरेन्द सिंह राजपूत, दौलत सिंह यादव, एडवोकेट नीलेश शर्मा, सचिन साहू, रूप सिंह राजपूत, पवन अहिरवार, हेमन्त सिंह सेंगर, राकेश पाल, राशिद खान, हड़ीजुद्दीन, कृष्णकांत बांके आदि उपस्थित रहे।

# मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश की तिथि 20 मार्च तक विस्तारित

**झांसी।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम के निर्देशानुसार प्रवेश प्रभारी प्रो. जे पी यादव के द्वारा जारी पत्र के अनुसार विश्वविद्यालय ने स्नातक, परास्नातक, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट एवम् जागरूकता कार्यक्रम में सत्र जनवरी 2025 में प्रवेश की तिथि को 20 मार्च 2025 तक विस्तारित कर दिया गया है।

क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि क्षेत्रीय कार्यालय झांसी के अंतर्गत आने वाले सभी अध्ययन केंद्रों को प्रवेश की तिथि विस्तारित करने की सूचना उपलब्ध करवा दी गई है। इसके साथ ही विश्वविद्यालय ने योग के क्षेत्र में करियर बनाने वाले शिक्षार्थियों के लिए विश्वविद्यालय इस सत्र से एम0 ए0 योग कार्यक्रम की डिग्री में प्रवेश लेने के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप 17 मार्च 2025 तक ऑनलाइन आवेदन के लिए सभी शिक्षार्थियों को मौका दे रहा है। विश्वविद्यालय द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार एम. ए. योग में प्रवेश की प्रक्रिया प्रवेश परीक्षा में प्राप्त 40 प्रतिशत अंकों के आधार पर 31 मार्च 2025 तक पूरी कर ली जायेगी। क्षेत्रीय समन्वयक ने स्नातक एवं परास्नातक के द्वितीय और तृतीय वर्ष में प्रवेश न लेने वाले सभी शिक्षार्थियों से अपील की है।

# न्यायालयों में न्यायमूर्तियों के रिक्त पदों को भरे जाने की मांग

## राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ का क्रमिक अनशन खत्म

## संघ ने अपनी मांगों को लेकर प्रशासनिक अधिकारी को दिया ज्ञापन

**झांसी।** जिला न्यायालय झांसी के सामने डॉ.अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ (भारत) के आवाहन पर दो दिवसीय क्रमिक अनशन के क्रम में दूसरे दिन का अनशन प्रारम्भ हुआ क्रमिक अनशन में मांग की गई भारत के समस्त न्यायालयों में न्यायमूर्तियों न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरा जाए जिससे वादकारियों को न्याय समय पर सके।

क्रमिक अनशन एड.चन्द्रभान आदिम, एड. सन्तोष कुमार दोहरे, एड. अरविन्द कुमार (रविन्द्र नगरा), एड.पी.डी.वर्मा, एड.एन.पी.सिंह, एड.बी.एल.भास्कर, एड.चन्द्र शेखर शुक्ला अध्यक्ष, एड.के.पी. श्रीवास्तव महासचिव, एड. सुनीता केसरी, एड.राजयोगेंद्र कुमार, एड. प्रमोद शिवहरे पूर्व महासचिव, एड. छोटेलाल वर्मा पूर्व महासचिव, एड.रामप्रकाश मामू, एड.कैलाश चन्द्र अहिरवार, एड.सन्तोष राज वर्मा, एड.संजीव कुमार जाटव, एड.राम सहाय वर्मा, एड.राजेश बौद्ध, एड.विनय भारती, एड. प्रहलाद सिंह, एड.श्याम बाबू खेर, एड.दीपक निम, एड.बृजेन्द्र सिंह यादव, एड.विकास यादव, एड.रमेश कुमार यादव पूर्व अध्यक्ष, एड.महेश रिछारिया, एड. महेश नारायण वर्मा, एड. जुगल किशोर कुशवाहा, एड. अमित शर्मा, एड.अशरफ खान, एड.नीलम चौधरी, सहित सैकड़ों अधिवक्ताओं ने डॉ अम्बेडकर राष्ट्रीय अधिवक्ता संघ भारत की मांग को सही बताया दोपहर 3 बजे प्रशासनिक अधिकारी झांसी ने क्रमिक अनशन स्थल पर आ कर के ज्ञापन लिया।

ज्ञापन महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम मुख्य न्यायमूर्ति उच्चतम न्यायालय भारत संघ नई दिल्ली, मुख्य न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय इलाहाबाद, कानून मंत्री भारत सरकार नई दिल्ली ज्ञापन के माध्यम से मांग की उच्च न्यायालय इलाहाबाद में कुल 160 न्यायमूर्तियों के पद है। वर्तमान में सिर्फ 79 न्यायमूर्ति ही कार्य कर रहे हैं जो कि प्रतिदिन के वादों को निस्तारित करने के लिए अपर्याप्त है। इसी तरह देश के समस्त हाईकोर्टों में स्वीकृत न्यायमूर्तियों के पद 1114 है और वर्तमान में 746 काम कर रहे हैं और 365 न्यायमूर्ति की कमी है। इसी तरह जिला न्यायालयों में कुल स्वीकृत पद 25771है जबकि जिला न्यायालयो में 20478 पद ही भरे है। इस तरह जिला न्यायालयो में 5293 पद खाली है जिन्हें शीघ्र भरा जाए जिला अधिवक्ता संघ झांसी के अध्यक्ष एड चन्द्र शेखर शुक्ला ने अनशन को समाप्त कराया। इसके बाद सभी अधिवक्ताओं का एड. चन्द्रभान आदिम ने आभार व्यक्त किया।

# जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों की दी जानकारी

## रसायन विज्ञान विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय ने किया आयोजन

**झांसी।** रसायन विज्ञान विभाग बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय के तत्वाधान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय दिगारा की जूनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के लिए ट्विनिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके तहत छात्र-छात्राओं को विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के बारे में जानकारी दी गई। रसायन विज्ञान विभाग की समन्वयक डॉक्टर गौरी खानवलकर द्वारा विभिन्न वैज्ञानिक विषयों की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ प्रकाश चंद्र ने किया। इस कार्यक्रम में डॉक्टर चेतन आनंद भूगर्भ विज्ञान, डॉक्टर शुभांगी निगम, फूड टेक्नोलॉजी इंजिनियरिंग विभाग तथा कार्यक्रम में चित्रा गुप्ता पीएम विद्यालय से शुभा, मंजू, डॉ बृजेंद्र कुमार दीक्षित आदि लोग उपस्थित रहे।

# चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करेगा चुनाव आयोग

## राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित

**झांसी।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने प्रेस नोट जारी कर कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया, चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।

आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया।

संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से राजनीतिक दल प्रमुख हितधारकों में से एक हैं, जो चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करते हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

स्वामी निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.,मुद्रक, प्रकाशक, श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर, भोपाल-462023, म.प्र. से मुद्रित एवं कैमासनपुरम, करगुंजी, मेडिकल कॉलज के पास, कानपुर रोड, झाँसी से प्रकाशित।
**संपादकः बालेन्द्र गुप्ता** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।) फोनः 9936277530, 9450071944, ई-मेलः balendragupta271@gmail.com आर.एन.आई.नं. UPHIN 2012/47946